


दैनिक

# पुष्पांजली टुडे

नई सोच नई पहल

वर्ष 03 : अंक : 294 | ग्वालियर, शुक्रवार 27 नवम्बर 2020 | pushpanjalitoday@gmail.com | मूल्य : 01, रुपए, पृष्ठ 8




## न्यूज़ ट्रैक

### श्रीनगर के पास सेना के पेट्रोलिंग दल पर आतंकवादी हमले में दो जवान शहीद



**श्रीनगर।** गुरुवार को श्रीनगर के बाहरी इलाके में एक त्वरित प्रतिक्रिया टीम पर हुए आतंकवादी हमले में दो सुरक्षा बल के जवान शहीद हो गए। इस हमले तीन आतंकवादियों के शामिल होने की बात सामने आई है। हमले में दो सैनिक भी शहीद हो गए हैं। सेना की ओर से जारी किए गए बयान में बताया गया कि आतंकवादियों ने आज दोपहर श्रीनगर के अबन शाह चौक, एचएमटी, खुसीपोरा में भारतीय सेना की एक त्वरित प्रतिक्रिया टीम पर अंधाधुंध गोलीबारी की। चूंकि यह एक भीड़-भाड़ वाला इलाका था, ऐसे में सैनिकों ने किसी भी नागरिक क्षति से बचने के लिए संयम बरता। इस हमले में दो सैनिक गंभीर रूप से घायल हो गए और उन्हें निकटतम चिकित्सा सुविधा में भेज दिया गया। हालांकि, उन्होंने अपनी चोटों के कारण दम तोड़ दिया। कश्मीर के आईजी विजय कुमार ने समाचार एजेंसी एएनआई को बताया कि यह हमला जैश ने किया है, शाम तक हम समूह की पहचान करेंगे। हथियारबंद आतंकवादी एक कार में भाग गए। संभवतः इनमें से दो पाकिस्तानी और एक स्थानीय हैं। सुरक्षाबलों ने इलाके की घेराबंदी कर दी है और हमलावरों को पकड़ने के लिए तलाशी अभियान शुरू किया है।

### कश्मीर में महबूबा मुफ्ती को बड़ा झटका, पीडीपी के तीन नेताओं ने एक साथ दिया इस्तीफा, लगाया यह आरोप



**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर में बीते कुछ समय से गुपकार गठबंधन को लेकर काफी सियासी हलचल है। इस बीच पूर्व मुख्यमंत्री महबूबा मुफ्ती की पार्टी पीडीपी को बड़ा झटका लगा है। पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) को उसके तीन नेताओं ने एक साथ अलविदा कह दिया है। पीडीपी नेता धमन भसीन, फलैल सिंह और प्रीतम कोटवाल ने पार्टी से इस्तीफा दिया है। समाचार एजेंसी एएनआई के मुताबिक, धमन भसीन, फेलैल सिंह और प्रीतम कोतवाल ने पार्टी से इस्तीफा देते वक्त एक पत्र भी लिखा, जिसमें कहा गया है- रहस्यमयी, सांप्रदायिक तत्वों ने पार्टी को हाइजैक कर लिया है। ऐसे में हमारे पास पार्टी को छोड़ने के अलावा दूसरा कोई विकल्प नहीं है। इस पत्र में संयुक्त रूप से कहा गया है- हमने अपना राजनीतिक भविष्य दांव पर लगाते हुए पीडीपी की स्थापना के पहले दिन भ्रष्ट और वंशवादी नेशनल कॉन्फ्रेंस का अल्टरनेटिव सेक्युलर विकल्प देने उद्देश्य से पार्टी ज्वाइन किया। दिवंगत मुफ्ती मोहम्मद सईद का भी यह विजन था। मगर मुफ्ती साहब के एजेंडे को त्याग दिया गया और पीडीपी नेशनल कॉन्फ्रेंस की बी टीम बन गई है। इससे पहले 15 नवंबर को पीडीपी के संस्थापक सदस्य मुजफ्फर हुसैन बेग ने पार्टी से इस्तीफा दे दिया था। उन्होंने जम्मू-कश्मीर में जिला विकास परिषद (डीडीसी) चुनाव में सीट बंटवारे में असहमति को लेकर इस्तीफा दिया था। पार्टी सूत्रों ने कहा कि बेग ने पीडीपी संरक्षक महबूबा मुफ्ती को पार्टी छोड़ने के फैसले के बारे में बता दिया है। वह 1998 में पीडीपी की स्थापना के वक्त से पार्टी से जुड़े हुए थे। पार्टी सूत्रों ने बताया कि वह पीपुल्स एलायंस फॉर गुपकर डिक्लेरेशन (पीएजीडी) द्वारा सीट बंटवारे, खासकर उत्तर कश्मीर में सीट बंटवारे को लेकर नाराज हैं।

**फोन कॉल केस में फंसे लालू प्रसाद यादव की मुसीबतें बढ़ी**

# डायरेक्टर बंगले से रिम्स के पेइंग वार्ड में शिफ्ट किए गए

**रांची।** चारा घोटाले में सजायाफ्ता बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव को एक बार फिर से रिम्स के पेइंग वार्ड में शिफ्ट कर दिया गया है। राष्ट्रीय जनता दल के अध्यक्ष लालू प्रसाद अभी तक रिम्स डायरेक्टर के बंगला में रह रहे थे। माना जा रहा है कि कथित फोन कॉल मामला सामने आने के बाद जेल प्रशासन ने यह कार्रवाई की है। गुरुवार को रिम्स प्रशासन ने लालू को निदेशक बंगले से अस्पताल के पेइंग वार्ड में शिफ्ट करने के संबंध में आदेश जारी किया था। आदेश जारी होते ही पुलिस और प्रशासन के लोग रिम्स डायरेक्टर बंगला पहुंच गए और शाम करीब चार बजे उन्हें पेइंग वार्ड में शिफ्ट कर दिया।

चारा घोटाले के अलग-अलग मामलों में दोषी करार दिए गए लालू रांची के बिरसा मुंडा कारा में बंद थे। बाद में स्वास्थ्य संबंधी शिकायतों के बाद उन्हें रांची स्थित रिम्स में भर्ती किया गया था। वे करीब दो साल से रिम्स में इलाजरत हैं। हालांकि कोरोना महामारी के समय अस्पताल प्रशासन ने उम्र और बीमारी को देखते हुए उन्हें निदेशक बंगला में शिफ्ट कर दिया था। 5 सितंबर को पेइंग वार्ड के जिस कमरा नंबर 11 से लालू प्रसाद को शिफ्ट किया गया था, आज 26 नवंबर को फिर से पेइंग वार्ड के उसी कमरा नंबर 11 में वे पहुंच गए हैं। हाल ही में लालू पर आरोप लगा कि जेल में रहते हुए वे कथित तौर पर फोन का इस्तेमाल कर रहे हैं और बिहार की नवगठित एनडीए सरकार को गिराने के लिए नेताओं और विधायकों को प्रलोभन दे रहे हैं। इस मामले के तुल पकड़ने के बाद यह कार्रवाई की जा रही है। सबसे पहले सुशील मोदी ने लालू पर फोन करने का आरोप लगाया था। इसके बाद जीतन राम मांझी और



मुकेश सहनी ने भी कहा कि उनके पास भी लालू के कॉल आए थे। फोन कॉल मामले पर बिहार की सियासत गरमाई हुई है। इसी बीच झारखंड हाईकोर्ट में एक पीआईएल भी दाखिल की गई है। जेल से फोन का इस्तेमाल करने और सरकार को अस्थित करने के प्रयास का पीआईएल में जिक्र किया गया है। साथ ही लालू के इस गतिविधि को जेल मैनुअल का उल्लंघन बताया गया है। दूसरी तरफ रांची डीसी ने इस मामले में बिरसा मुंडा कारा के जेल अधीक्षक से भी इस मामले में 24 घंटे के अंदर जवाब दाखिल करने को कहा है। दूसरी तरफ, बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री जीतन राम मांझी ने गुरुवार को पत्रकारों से बातचीत के दौरान कहा कि लालू यादव ने उनसे बात करने की कोशिश की थी। हालांकि मैंने बात नहीं की। उन्होंने कहा कि लालू ने मेरे विधायकों को भी प्रलोभन दिया था। मांझी ने पूरे मामले की जांच की मांग की है। हम अध्यक्ष ने कहा कि लालू यादव रांची जेल में बैठकर राजनीति कर रहे हैं। यह एक गलत परंपरा है और हमारी मांग है कि इस पूरे प्रकरण की जांच की जाए।

### लालू की यह पुरानी आदत

मांझी ने सुशील मोदी के आरोपों को सत प्रतिशत सही करार दिया और कहा कि मुझे तो प्रोटेम स्पीकर बनने से पहले और बाद भी तरह-तरह के ऑफर मिले थे। उन्होंने कहा कि हमारे लोगों को के पास एनडीए सरकार गिराने के बदले मुख्यमंत्री से लेकर मंत्री पद तक के प्रलोभन दिए गए। मांझी ने कहा कि लालू की इस तरह की राजनीति करने की आदत रही है, लेकिन उनके प्रलोभन में कोई फंसने वाला नहीं है।

### लालू की पार्टी को पीठ में खंजर घोंपने की आदत है

विकासशील इंसान पार्टी के अध्यक्ष और बिहार सरकार में पशुपालन व मत्स्य विभाग के मंत्री मुकेश सहनी ने कहा कि उनके पास भी लालू के फोन कॉल आए थे और मुझे जो जवाब देना था, दे दिया। सहनी ने इस बारे में ज्यादा कुछ नहीं बताया। हालांकि यह जरूर कहा कि लालू की पार्टी को पीठ में खंजर घोंपने की आदत है और ये काम मेरे साथ हाल ही किया गया था।

**किसानों के दिल्ली कूच को लेकर खट्टर और कैप्टन में छिड़ी ट्विटर वॉर**

## अगर एमएसपी पर कोई दिक्कत होगी तो मैं राजनीति छोड़ दूंगा

**नई दिल्ली।** नए कृषि कानूनों पर मचे किसानों के बवाल के बीच गुरुवार को पंजाब के मुख्यमंत्री कैप्टन अमरिंदर सिंह और हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर के बीच ट्विटर पर जंग छिड़ गई है। आज जब पंजाब के मुख्यमंत्री अमरिंदर सिंह ने दिल्ली की ओर मार्च कर रहे किसानों को रोकने के लिए भाजपा नीत हरियाणा सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि उनके खिलाफ बल प्रयोग करना पूरी तरह अलोकतांत्रिक और असंवैधानिक है। इसके बाद हरियाणा के सीएम खट्टर ने पलटवार करते हुए एक के बाद एक कई ट्वीट कर कहा, कैप्टन अमरिंदर जी, मैंने पहले ही कहा है और मैं इसे फिर से कह रहा हूं, मैं राजनीति छोड़ दूंगा अगर एमएसपी पर कोई परेशानी होगी - इसलिए, कृपया निर्दोष किसानों को



उकसाना बंद करें।

**कर रहे हैं और बातचीत से भाग रहे हैं, क्यों?**

आपके झूठ, झूठे प्रचार का समय अब खत्म हो गया है - लोगों को अपना असली चेहरा देखने दें। कृपया कोरोना महामारी के दौरान लोगों के जीवन को खतरे में डालना बंद करें। मैं आपसे लोगों के जीवन के साथ नहीं खेलने का आग्रह करता हूं - कम से कम महामारी के समय सस्ती राजनीति से बचें। बता दें कि कैप्टन अमरिंदर सिंह ने कहा था, मनोहर लाल खट्टर, लगभग 2 महीने से किसान बिना किसी समस्या के पंजाब में शांतिपूर्ण तरीके से विरोध-प्रदर्शन कर रहे हैं। हरियाणा सरकार बल प्रयोग कर उन्हें क्यों उकसा रही है? क्या किसानों को सार्वजनिक राजमार्ग से शांतिपूर्वक गुजरने का अधिकार नहीं है? उन्होंने कहा कि मैं भाजपा से उनकी राज्य सरकार को किसानों के खिलाफ क्रूर बल का इस्तेमाल ना करने का निर्देश देने का आग्रह करता हूं। जो हाथ देश को खाना खिलाते हैं उन्हें थामा जाना चाहिए, धकेला नहीं जाना चाहिए।

**अंबाला और करनाल में किसानों ने मचाया कोहराम**

## काबू करने को पुलिस ने किया आंसू गैस और पानी का प्रयोग

**नई दिल्ली।** नए कृषि कानूनों के खिलाफ विरोध प्रदर्शन के लिए राशन-पानी के साथ दिल्ली कूच कर रहे किसानों का आंदोलन अब आर-पार की लड़ाई में बदलता दिख रहा है। उग्र हुए किसानों ने अंबाला, करनाल और कुरुक्षेत्र में कोहराम मचा रखा है। किसानों को काबू करने के लिए पुलिस ने वाटर कैनन और आंसू गैस का भी इस्तेमाल किया, लेकिन हालात संभलते नहीं दिख रहे।



इस बीच केंद्र सरकार ने किसानों को वार्ता का न्योता दिया है। केंद्रीय कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर ने गुरुवार को कहा कि नए कानून बनाना समय की आवश्यकता थी। पंजाब में हमारे किसान भाई-बहनों को कुछ भ्रम है, हमने भ्रम दूर करने के लिए सचिव स्तर पर वार्ता की। मैंने 3 दिसंबर को सभी किसान यूनियन को पुनः बैठक के लिए अनुरोध किया है, सरकार चर्चा के लिए पूरी तरह तैयार है। पुलिस ने गुरुवार को हरियाणा में दाखिल होने की कोशिश कर रहे किसानों के एक समूह को तितर-बितर करने के लिए पानी की बौछारें की और आंसू गैस का इस्तेमाल किया। किसानों के प्रदर्शन के चलते शंभू बॉर्डर पर स्थिति तनावपूर्ण बनी हुई है, रोके जाने से गुस्साए किसानों ने जहां पुलिस बैरिकेड्स को उठाकर घग्गर नदी में फेंक दिया, वहीं पुलिसकर्मियों पर पथराव भी किया गया। इस दौरान कई किसान हाथों में काले झंडे लिए भी नजर आए। किसानों को रोकने के लिए हरियाणा पुलिस ने कई अवरोधक लगाएं हैं। वहीं, किसानों के दिल्ली चलो विरोध प्रदर्शन को देखते हुए ऐहतियातन दिल्ली से सटे हरियाणा और उत्तर प्रदेश के बॉर्डरों पर भी भारी संख्या में पुलिसबल तैनात किए गए हैं और ऐतिहात के तौर पर नोएडा, गाजियाबाद, गुरुग्राम और फरीदाबाद में मेट्रो सेवा को रोक दिया गया है। बॉर्डर से गुजरने वाले हर वाहनों की जांच की जा रही है। आपको बता दें कि केंद्र सरकार द्वारा हाल में पास किए गए कृषि कानूनों के विरोध में भारतीय किसान यूनियन के बैनर तले हजारों किसान आज दिल्ली में विशाल प्रदर्शन करेंगे। वहीं पुलिस इन प्रदर्शनकारी किसानों पर नजर रखने के लिए ड्रोन का सहारा ले रही है।

## सीएम गहलोत के विरोध के बावजूद राष्ट्रपति की मंजूरी भर से बन सकता है राजस्थान में लव जिहाद के खिलाफ कानून

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) ने राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद से राजस्थान धर्म स्वातंत्रता विधेयक 2008 (राजस्थान धार्मिक रूपांतरण विधेयक) को मंजूरी देने का आग्रह करेगी, जो राज्य के कानून अंतर धर्म विवाह के खिलाफ है। आपको बता दें कि राज्य के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने मध्य प्रदेश, हरियाणा और उत्तर प्रदेश में भाजपा सरकारों द्वारा प्रस्तावित लव जिहाद कानूनों का विरोध किया है। लेकिन अगर राष्ट्रपति इस बिल को मंजूरी दे देते हैं तो राज्य में उनकी मंजूरी भर से लव जिहाद के खिलाफ कानून बन सकता है।



राजस्थान के लव जिहाद कानून को पूर्व वसुंधरा राजे सरकार ने पारित किया था और पिछले 12 सालों से यह बिल राष्ट्रपति के पास लंबित है। इसमें बताया गया है कि लव जिहाद हिंदुत्व समूहों द्वारा गढ़ा गया एक शब्द है जिसे कथित तौर पर शादी की आड़ में हिंदू लड़कियों को इस्लाम कबूल करके धर्म परिवर्तन करने के लिए मजबूर किया जाता है। मंगलवार को उत्तर प्रदेश कैबिनेट ने एक अध्यादेश को मंजूरी दे दी जिसमें धर्म परिवर्तन के लिए शादी करने पर 10 साल तक की जेल की सजा तय की गई थी। मध्य प्रदेश सरकार ने पहले पांच साल तक की जेल का प्रस्ताव दिया था। मध्य प्रदेश सरकार ने पहले पांच साल तक की जेल का प्रस्ताव रखा था और मंगलवार को राज्य के गृह मंत्री निरोत्तम मिश्रा ने कहा कि उत्तर प्रदेश प्रस्तावित कानून जैसी नहीं होगी। राजस्थान भाजपा के एक वरिष्ठ नेता नाम न छापने की शर्त पर बताया है कि विधेयक को पहले 2006 में और फिर 2008 में राज्य विधानसभा में पारित किया गया था। जिसमें वर्ष 2008 में संशोधन किया गया था और अनुमोदित विधेयक राज्यपाल को भेजा गया था, जिसे बाद में सहमति के लिए राष्ट्रपति को भेज दिया गया था। विधेयक में विवाह सहित किसी का धर्म बदलने के लिए पांच साल तक की सजा और 50,000 रुपये की सजा का प्रावधान है। विधेयक में नाबालिग, एक महिला या अनुसूचित जाति या अनुसूचित जनजाति के व्यक्ति के धर्म परिवर्तन के मामले में उच्च सजा का प्रावधान है, जिसे उत्तर प्रदेश सरकार ने भी प्रस्तावित किया है।


ग्वालियर से प्रकाशित

दैनिक पुष्पांजली टुडे

राष्ट्रीय मासिक पत्रिका,ऑनलाइन न्यूज़ चैनल,पोर्टल,एंड्रॉयड ऐप

को

सम्पूर्ण भारत में नियुक्त करना है

ब्यूरो चीफ / रिपोर्टर्स

मध्यप्रदेश, उत्तरप्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान, हरियाणा, गुजरात, बिहार, झारखंड, उड़ीसा, पंजाब, हिमाचल प्रदेश, आंध्रप्रदेश, अरुणाचल प्रदेश, असम, गोआ, कर्नाटक, केरल

आदि राज्यो के जिला एवं तहसील स्तर पर मनोनीत करना है।

संपर्क करें

कार्यालय : ए ब्लॉक,404 भाऊ साहब पोतनीस एंक्लेव,गोले का मंदिर ग्वालियर मध्यप्रदेश मो. 8269307478,7999246560

Website - www.pushpanjalitoday.com,
Email - pushpanjalitoday@gmail.com


**पाकिस्तान ने हाफिज सईद को गुपचुप जेल से निकाला**

## घर से टेरर फैक्ट्री चला रहा है लश्कर चीफ: इंटेलिजेंस रिपोर्ट

> इंटेलिजेंस अधिकारी ने कहा उपलब्ध जानकारियों के आधार पर हमारी समझ है कि यह अनौपचारिक व्यवस्था हो सकती है। हमें इस बात कि जानकारी नहीं है कि क्या हाफिज सईद के घर को जेल घोषित करने के लिए किसी ऑर्डर को नोटिफाई किया गया है या नहीं।

**नई दिल्ली।** लश्कर-ए-तैयबा के संस्थापक और संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की ओर से प्रतिबंधित आतंकी सरगना हाफिज सईद जेल की सजा नहीं काट रहा है, बल्कि लाहौर के जोहर टाउन स्थित घर में ठाठ से रह रहा है और वहीं से टेरर फैक्ट्री चला रहा है। इस मामले से अवगत अधिकारियों ने यह जानकारी दी है।

सईद को आधिकारिक रूप से जुलाई 2019 में गिरफ्तार किया गया था। इसके बाद इस साल फरवरी में टेरर फाइनेंसिंग केस में उसे 10 साल छह महीने जेल की सजा सुनाई गई। इसे अमेरिका की ओर से एक अहम कदम बताया गया था। पिछले सप्ताह दो अन्य मामलों में उसे सजा सुनाई गई है। हाफिज सईद की गिरफ्तारी और दोषी करार दिए जाने को इमरान खान सरकार की ओर से फाइनेंशल एक्शन टास्क फोर्स द्वारा ब्लैक लिस्ट किए जाने से बचने के प्रयास के रूप में देखा गया। हालांकि, भारतीय खुफिया एजेंसियों के इनपुट, जिसे हिन्दुस्तान टाइम्स ने देखा है, के मुताबिक, हाफिज सईद लाहौर के कोट लखपत जेल में नहीं है। एक अधिकारी ने कहा, वह अधिकतर घर पर ही रहता है। वह ऐसी कस्टडी में है कि घर पर मेहमान भी उससे मुलाकात कर सकते हैं। इंटेलिजेंस इनपुट के मुताबिक पिछले महीने सईद के घर जकी-उर रहमान लखवी भी पहुंचा था जोकि लश्कर-ए-तैयबा के जिहाद विंग का ऑपरेशनल कमांडर है। बताया जा रहा है कि इस बैठक का अजेंडा जिहाद के लिए फंड जुटाने पर केंद्रित था। सईद की तरह लखवी भी यूएनएससी की ओर से प्रतिबंधित है और 26/11 मुंबई आतंकी हमले का साजिशकर्ता है। अंतरराष्ट्रीय दबाव में पाकिस्तान में उसे कई बार गिरफ्तार तो किया गया लेकिन हाफिज सईद की तरह सबूत के अभाव में छोड़ दिया गया। भारतीय अधिकारियों ने कहा कि यह लखवी ही था जिसने 26/11 हमलों से पहले भारत में रेकी के लिए पाकिस्तान में जन्मे अमेरिकी नागरिक डेविड हेडली को राजी किया और उसे गाइड किया। पाकिस्तान पर करीब से नजर रखने वाले लोगों का कहना है कि हाफिज सई को जेल में नहीं रखे जाने का इनपुट आतंकवाद को लेकर इस्लामाबाद के पुराने रुख के मुताबिक ही है। एक विशेषज्ञ ने यह भी कहा कि जब हाफिज सईद को 10 साल 6 महीने की सजा सुनाई गई तो वे शुरू में हैरान थे और इसकी व्याख्या इस रूप में की गई कि सईद ने पाकिस्तानी डीप स्टेट के लिए अपनी उपयोगिता को रेखांकित किया है। 9/11 हमलों के बाद सईद को कई बार गिरफ्तार किया गया, लेकिन दबाव कम होते ही उसे हर बार छोड़ दिया गया।

दैनिक पुष्पांजली टुडे



# हाइवे पर ट्रॉली सहित ट्रैक्टर पलटने से 2 की मौत, दर्जनों घायल





**दबोह( अर्पित गुप्ता)।** दरअसल मामला दबोह क्षेत्र के ग्राम गोरा के पास का है जहां हाइवे पर ट्रॉली समेत ट्रैक्टर पलटने से भीषड़ हादसा हो गया। यह ट्रैक्टर भगुआराम पुरा थाना क्षेत्र के ग्राम बड़ा पोरसा से दबोह क्षेत्र के सुप्रसिद्ध धार्मिक स्थल माँ रहकोला देवी के मन्दिर पर जा रहा था।जिसमे लगभग 40 से 50 लोग सवार थे।प्राप्त जानकारी के अनुसार मौके पर प्रत्यक्षदर्शियों के द्वारा बतौया गया कि ट्रैक्टर रतनपुरा की तरफ से आ रहा था तो सामने से आ रही गाय को बचाने के चक्कर मे ड्राईवर ने ट्रैक्टर को दूसरी ओर मोड़ा तो सामने से वाहन आ रहा था



जिससे ट्रेक्टर अनियंत्रित होकर मय ट्रॉली के साथ पलट गया जिसमे मौके पर ही लगभग 2- लोगो की मौत हो गई व दो दर्जन से अधिक लोगो की हालत भी गम्भीर बताई जा रही है।प्रत्यक्षदर्शियों द्वारा बताया गया कि सड़क पर यह भीषड़ हादसा होने के बाद स्थानीय पुलिस भी काफी देर से पहुँची जिसकी वजह से ग्रामीणों में काफी रोष देखने को मिला।फिलहाल तो दबोह पुलिस ने मौके पर पहुंचकर गम्भीर रूप से घायल व्यक्तियों को ग्वालियर उपचार के लिए भेजा व कुछ लोगो को दबोह प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया है।



## मां की स्मृति में बेटो ने ट्रोमा सेंटर के लिए एक लाख रुपये देने की घोषणा की

नारायणलाल सैणचा

**जोधपुर।** बिलाडा माता की स्मृति में बेटो ने राजकीय ट्रोमा सेंटर बिलाड़ा गोधाम चिकित्सालय में गायों के इलाज व दवाईयों के लिए की है जानकारी के मुताबिक भूरी देवी पत्नी सीरवी नारायणसिंह राठौड़ किसान पार्क के सामने बिलाड़ा का निधन 8 नवंबर को हो गया था जिस पर बुधवार को निधन के उपरांत होने वाले रीति रिवाजों का निर्वहन कर शोक सभा में उनके दोनो पुत्र व्यवसासी किशनसिंह राठौङ व कृषि उपज मंडी समिती व्यापार मंडल बिलाड़ा के अध्यक्ष के महेन्द्रसिंह राठौड़ ने राजकीय ट्रोमा सेंटर बिलाड़ा में उपकरणों के लिए एक लाख रुपये भेंट करने की घोसणा की गई साथ ही खारिया मिठापुर रोड़ स्थित बिलाड़ा गोधाम चिकित्सालय बिलाडा में बीमार व अपंग गायों के इजाज व दवाईयों के लिए भी 25200दो सो रूपये भेंट करने की घोसणा की चिकित्सालय प्रभारी व बीसीएमओ डॉ जितेंद्रसिंह राठौड़ ने भामाशाह परिवार का आभार जताया।इस दौरान आयोजित शोकसभा मे कई गणमान्य लोगों ने श्रंद्धांजलि अर्पित की।

## सिलिस्ती की स्टोरी ब्रोकन शिप गोल्डन बुक ऑफ़ वर्ल्ड रिकॉर्ड में हुई दर्ज

### उपसम्पादक अर्पित गुप्ता से सिलिस्ती की खास बातचीत



नेनाराम सीरवी

राजस्थान के सावर अजमेर की रहने वाली युवा लेखिका सिलिस्ती करूरिया ÷चमड़े का लुटेरा÷ नावेल की लेखिका है।जिनकी शार्ट स्टोरी ब्रोकन शिप गोल्डन बुक ऑफ़ वर्ल्ड रिकॉर्ड में चयनित हुई है।जो सिलिस्ती ने ब्रोकन शिप स्टोरी के जरिये एक छोटे से बच्चे की काल्पनिक दुनियाँ को बताने की कोशिश की है।ब्रोकन शिप जादू और विचित्र काल्पनिक सोच के लिए देश विदेश में लोकप्रिय हुयी है।पुष्पांजली टुडे के उपसम्पादक अर्पित गुप्ता से हुई बातचीत में सिलिस्ती बताती हैं कि वह बनस्थली विद्यापीठ राजस्थान में बायोसाइंस में पीएचडी कर रही है।सिलिस्ती बताती है कि उन्होंने पीएचडी की साइंस लैब में बिजी रहते हुए ब्रोकन शिप शार्ट स्टोरी लिख कर इंटरनेशनल मैगज़ीन में पब्लिश्ड करवाते हुए अपना नाम गोल्डन बुक ऑफ़ वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज करवाने का हौसला रखा।

सिलिस्ती ने ब्रोकन शिप में अपनी काल्पनिक कलम से दुनिया में जीने की सलीका बताया है। ब्रोकन शिप एक ऐसी काल्पनिक कहानी है जिसमे सिलिस्ती ने काल्पनिक फिक्शन के जरिये बच्चों से लेकर हर उम्र के युवा को आकर्षित किया है,जिसमे पनीर के घोड़े और चॉकलेट के घोड़े और हरे बालो वाली रानी जो रियल लाइफ से एक अलग ही दुनिया में ले जाता है। सिलिस्ती की लिखी स्टोरी बेबसी पर वेब सीरीज फिल्म बन रही है।सिलिस्ती ने अपने लेखन से सामाजिक स्तर की समस्यो को उजागर करने की कोशिश कर रही है।पूरा देश सिलिस्ती की वेब सीरीज फिल्म बेबसी को लेकर बहुत उत्सुक है। बेबसी एक जमीनी स्तर की सामाजिक सोच को सामने लाती है।वो कोरोना वायरस हो या सामाजिक लोगो की सोच कैसे एक इंसान को बदल सकता है, सिलिस्ती ये सोच लेकर दुनिया को अपने विचारो को दुनिया के सामने वेब सीरीज लेकर सामने आयी है।सिलिस्ती ने उपसम्पादक अर्पित गुप्ता से हुई बातचीत के अंत मे पुष्पांजली टुडे को धन्यवाद देते हुए कहा कि पुष्पाजंली टुडे ने सदैव मेरी रचनाओ व खबरों को प्रकाशित किया है उन्होंने खुद को इस ऊंचाई पर पहुंचने में पुष्पाजंली टुडे का विशेष सहयोग भी बताया है।फिलहाल तो पुष्पांजली टुडे सिलिस्ती के उज्ज्वल भविष्य की कामना करता है।

## संविधान दिवस पर अंबेडकर जी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर संविधान के मौलिक कर्तव्य के पालन की ली शपथ



विनोद पाठक

**श्योपुर।** श्योपुर जिले के मानवतावादी विकास धारा के समर्थक नागरिकों ने नगरपालिका श्योपुर के पुराने कलेक्टर निवास के पास अंबेडकर पार्क में पहुंच कर संविधान निर्माता डाक्टर भीम राव अंबेडकर जी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक वाचन किया और साथ ही संविधान के मौलिक कर्त्तव्यों के पालन की शपथ लेकर संविधान के अनुसार मानव भलाई के लिए निरंतर कार्य करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में भागीदारी आईसीएमआर, भारत सरकार और मध्यप्रदेश सरकार की कोरोना संक्रमण के बचाव के लिए जारी गाइडलाइंस के अनुसार सोशल डिस्टेंसिंग का पालन, सभी के मुंह पर मास्क सहित और हाथों को सेनेटाइज करते हुए की गई। इस दौरान राजेन्द्र कुमार धानुक, रघुनंदन पच्चौरी नगर पालिका, खालिद कुरेशी, डॉ वीरेन्द्र सिंह, सहायक प्राध्यापक प्रकाश आहिरवार, शिक्षक शिवराज सिंह दोहरे, धर्मेन्द्र पच्चौरी, सहायक प्राध्यापक खेमराज आर्य, सहायक प्राध्यापक पुष्पेंद्र यादव, सहायक प्राध्यापक महेंद्र कैथवास, सहायक प्राध्यापक रामदयाल मकवाना, सहायक प्राध्यापक प्रताप शाक्य, सहायक प्राध्यापक कमलेश निगम, सहायक प्राध्यापक दत्तपाल भंवर, डॉ श्यामलाल बामनिया, यूपीएससी एवं एमपीपीएससी निःशुल्क कोचिंग के मार्गदर्शक एवं समन्वयक परीक्षित भारती, राम लखन मीणा, बलराम प्रजापति आदि उपस्थित थे।

# डीएम, एसएसपी ने तहसील सदर क्षेत्र के मतदान केन्द्रों का किया निरीक्षण

**एटा।** डीएम सुखलाल भारती, एसएसपी सुनील कुमार सिंह ने तहसील एटा सदर क्षेत्र में सर्वोदय इण्टर कॉलेज में बनाए गए बूथ संख्या 134, 135, 136, 77 एवं सकीट विकासखण्ड कार्यालय पर बनाए गए बूथ संख्या 78 तथा डीएवी इण्टर कॉलेज सकीट में बनाए गए बूथ संख्या 141, 142 पर पहुंचकर औचक निरीक्षण किया। उन्होंने इस दौरान निर्देश दिए कि बूथ पर रैम्प, शौचालय, पानी, विद्युत, प्रकाश आदि समस्त व्यवस्थाएं आयोग की मंशानुरूप सुनिश्चित कराई जाएं। लवडीएम, एसएसपी ने मण्डी समिति



पहुंचकर 30 नवंबर को पोलिंग पार्टियों के रवानगी हेतु उपलब्ध कराई जाने वाली सुविधाओं के बारे में जायजा लिया। उन्होंने कहा कि 30 नवम्बर को मण्डी समिति के पोलिंग पार्टियां रवाना होंगी। पार्टी रवानगी के दौरान किसी भी प्रकार की दिक्कत न हो। पोलिंग पार्टी रवानगी स्थल पर कोविड-19 की गाईडलाईन का भी अनुपालन सुनिश्चित कराया जाए। इस दौरान सीडीओ मदन वर्मा, एडीएम वित्त एवं राजस्व केशव कुमार, एडीएम प्रशासन विवेक कुमार मिश्र, एसडीएम सदर अबुल कलाम, डीडीओ एसएन सिंह कुशवाह, एआरटीओ हेमचन्द्र गौतम, एडीईओ राजेन्द्र भारती, प्रधान सहायक सतेन्द्र पचैरी आदि मौजूद रहे।

## अब उत्तर प्रदेश मे शादी करने के लिए नही लेनी होगी अनुमति,कोरोना गाइडलाइन के नाम पर परेशान नही करेगी पुलिस

लखनऊ. उत्तर प्रदेश में शादी समारोहों की अनुमति और मेहमानों की संख्या को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं. सीएम योगी ने कहा है कि शादी के लिए किसी को भी पुलिस या प्रशासनिक अनुमति की कोई आवश्यकता नहीं है. प्रदेश में कहीं से भी पुलिस दुर्व्यवहार की शिकायत आई तो सख़्त कार्रवाई की जाएगी. यही नहीं मामले में अधिकारियों की भी जवाबदेही तय होगी. मुख्यमंत्री ने कहा कि लोग केवल सूचना देकर कोविड-19 प्रोटोकाल और गाइडलाइन के सभी निर्देशों का पालन करते हुए विवाह समारोह का आयोजन कर सकते हैं. यही नहीं मुख्यमंत्री ने समारोह के लिए निर्धारित लोगों की संख्या पर भी स्थिति स्पष्ट की है.उन्होंने कहा कि बैंड बाजा या अन्य कर्मचारी लोगों की निर्धारित संख्या में शामिल नहीं होंगे. पुलिस महकमे के कसे पेंच- सीएम योगी ने पुलिस महकमे के पेंच भी कसे हैं. सीएम ने कहा कि गाइडलाइन के नाम पर उत्पीड़न बर्दाश्त नहीं होगा, लोगों को जागरूक करें, गाइडलाइन का पालन करने के लिए प्रोत्साहित करें. उन्होंने कहा कि बैंड बजाने, डीजे बजाने से रोकने वाले अधिकारियों व पुलिसकर्मियों पर कठोर कार्यवाही होगी.कोरोना को लेकर यूपी सरकार सतर्कबता दें कुछ दिन पहले ही कोरोना से सतर्क यूपी सरकार ने सामूहिक आयोजनों पर पाबंदी लगाने का फैसला लिया है. सीएम ने शादी-समारोहों में 100 से अधिक लोगों को शामिल न होने देने के निर्देश दिए हैं. कोरोना संक्रमण के मामलों को एक बार फिर बढ़ते देखते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शादी समारोह आदि में 200 व्यक्तियों के शामिल होने की छूट को घटाकर 100 करने के निर्देश दिए हैं. साथ ही शादी में हिस्सा लेने वालों के लिए मास्क पहनना और सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करना जरूरी होगा. सीएम के आदेश के मुताबिक जिलाधिकारी स्वयं शादीस्थल जाकर निरीक्षण करें या फिर अधिनस्थ अधिकारी को भेजकर आदेश का सख्ती से पालन करवाएं. किसी भी शादी में सौ से ज्यादा मेहमान होने पर जुर्माना लगाकर कार्रवाई की जाए. मुख्यमंत्री का बेहद सख्त निर्देश है कि इस मामले में किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त न की जाए.



## भाजपा सरकार मे अधिकारी नहीं कर रहे मन से काम

अंकित कुमार

**इटावा**–महेवा ब्लाक के सभी ग्रामों में आज तक पिछले 4 महीनों से कोई भी सफाई कर्मी अपने नियमित समय पर कार्य करने के लिए गावों में नहीं पहुंच रहे हैं अधिकारियों की मिली भगत से स्वच्छ ग्राम मिशन की उड़ाई जा रही है धज्जियां इनमें से एक गांव सराय जलाल इकदिल ! ग्राम में नालियों की व्यवस्था होने के बाद भी सफाई कर्मी द्वारा व प्रधान की मिलीभगत से पिछले 4 महीनों से कोई सफाई नहीं की जा रही है कोरोना काल के चलते यहाँ प्रधान सरिता व उनके प्रतिनिधि की यह बहुत बड़ी लापरवाही है।

## सेमरी पंचायत के सचिव व सरपंच को कारण बताओ नोटिस जारी

पिछोर। जिले के पिछोर जनपद पंचायत की सेमरी पंचायत के सचिव अशोक शर्मा व सरपंच ब्रजेन्द्र योगी को जनपद सीईओ द्वारा पत्र क्रमांक 1894 दिनांक 25 नवम्बर को कारण बताओ नोटिस जारी किया और तीन दिवस के भीतर स्पष्टीकरण देने को कहा।लजारी नोटिस में उल्लेख किया गया कि ग्राम पंचायत सेमरी को 14वां एवं 15वां वित्त आयोग से प्राप्त राशि में से आपके द्वारा घटिया निर्माण कार्य कराए गए थे जिनकी शिकायतें ग्रामवासियों के साथ साथ महेंद्र कुमार लोधी के द्वारा की गई हैं कि ग्राम पंचायत में सफाई का कार्य नही कराया जाता है जिसमें प्राथमिक विद्यालय के पास बनी नाली को भरवा,पटवा दिया है जिससे पानी की निकासी नही हो पा रही है इसके अलावा ग्राम पंचायत के द्वारा सार्वजनिक चबूतरा,टीनशेड सहित बाऊंड्रीबॉल का निर्माण कार्य अनुचित तरीके से कराए जा रहे हैं पंचायत के कार्यों एवं कृत्यों की बजह से सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों की संख्या बढ़ रही है जिनके प्रतिवेदन भी समय पर आपके द्वारा नही दिए जाते हैं कुछ समय पूर्व आपसे ग्राम पंचायत के अभिलेख जांच हेतु चाहे गए थे जो आपके द्वारा अपूर्ण स्थिति में प्रस्तुत किये गए इससे प्रतीत होता है कि आपके द्वारा जनशिकायतों पर कोई कार्यवाही नही की जा रही है,जो सौंपे गए दायित्वों के विपरीत है क्यों न आपको अक्षम्य माना जाकर आपसे प्रभार हटाने की कार्यवाही कराई जावे। साथ ही उल्लेख किया गया कि आप अपना स्पष्टीकरण समक्ष में उपस्थित होकर तीन दिवस में दें अन्यथा यह माना जायेगा कि लगाया गया आरोप मान्य है जिसके बाद कार्यवाही वरिष्ठ कार्यालय को प्रस्तावित की जावेगी।

## करोबार ए फरस्तीस



मेरे मजी में जो बीज बोए थे मैने अपनी कर्मो के
आज उनमें पनिरी फुटी है तफबदन
फलों के आने का इंतज़ार करू या मुष्कत्त यूंही करती रहूं
इसी कसमकस में रोज़ वक़्त मैं जाया करती हूं ।।
मनचाहे फलों आरजू में की मैने नादानियां कई
कभी किसी संत से हाथ के लकीरें पढ़वाई
या पत्थर जवाहरात ही पहन लिए उंगलियों में कभी ।।
आसमानी सह के डर से कायम है ये करोबार-ए-फरस्तीस
जहां चांद तरे फैसला करते है हमारे मुसतिर बिल का ।।
भुला बैठी हूं ज़िंदगी के वो आसान से सबक
के बीज बोया था जिसने जैसा फल भी वैसा ही पाएगा
जो मेहनत करेगा आज कामयाब कल वहीं कहलायेगा ।।
दुआओ में हम रोज़ खुदा से कितनी फरियाद करते है
मांगो की फेर लेकर रोज़ ऊपरवाले को परेशान करते है
अब खुदा इन मांगने वालो की सुने या उनकी सुने
जो हकदार है और हकदार है वहीं जो कर्म करते है बिना फलों का इंतजार किये।

**शिखा रैकवार**
**मनेंद्रगढ़**



## अम्बाह पीजी कॉलेज में संविधान दिवस पर कैडेटों ने ली शपथ...

केशब पंडित जी अम्बाह...

अम्बाह स्नातकोत्तर महाविद्यालय की एनसीसी यूनिट के तत्वाधान में एनसीसी कैडेट एवं महाविद्यालय परिवार के शैक्षणिक और अशैक्षणिक कर्मचारियों ने संविधान दिवस पर राष्ट्र विकास के लिए समर्पण भाव से कार्य करने की शपथ ली। समस्त कैडेट मास्क लगाकर एवं सोशल डिस्टेंसिंग के साथ इस कार्यक्रम में शामिल हुए। प्राचार्य डॉक्टर शिवराज सिंह तोमर ने कैडेटों को शपथ दिलाते हुए संविधान के प्रति समस्त नागरिकों के दायित्व को बताया प्राचार्य जी ने कैडेटों को भारतीय संविधान की विशेषता बताते हुए कहा कि भारतीय संविधान विश्व का सबसे बड़ा लिखित संविधान हैं जिसमें संपूर्ण राष्ट्र के नागरिकों को बिना किसी भेदभाव के समान अधिकार देते हुए सुरक्षा प्रदान की गई है। संविधान के प्रति समर्पण उन सभी महापुरुषों के प्रति भी श्रद्धांजलि है जिन्होंने इस संविधान को बनाने में अपनी अहम भूमिका का निर्वाह किया इसमे उपस्थिती मेजर वी.के जैन, कैप्टन मनोज शर्मा, लेफ्टिनेंट मंजू तोमर व 30एम.पी वटालियन भिंड की रही।

VISION 2020
ग्वालियर शहर में पहली बार हर सेवा और वस्तु बहुत ही सस्ती
जियो रीचार्ज एक माह 199 वाला केवल 180 में।
आइडिया और एयरटेल का रीचार्ज केवल 225/- में 249 वाला।
किराना का सामान सबसे सस्ता।
HOME TUITION का डेमो फ्री वो भी 15 दिन।
केक केवल 180/- में फ्री HOME DELIVERY के साथ।
टिफिन सेंटर खाना बिल्कुल घर जैसा।
ऐसे ही 5 लाख प्रोडक्ट्स और 50 से ज्यादा सेवाएँ
बस एक कॉल या वॉट्सएप्प, हर सेवा आपके पास।
Only WHATSAPP 9425823988
call-9691937250/- 9516003221



# मुनाफाखोरी चरम पर: आधे हो गए सब्जियों के थोक रेट, फुटकर में नहीं मिली राहत

**भोपाल।** बाजारों में सब्जियों की आवक बढ़ने के बाद भी दामों में कमी देखने को नहीं मिल रही है कारण है मुनाफाखोरी। आलम यह है कि सब्जियों के थोक रेट तो आधे हो गए लेकिन ग्राहकों को इसका लाभ नहीं मिल रहा है। हर साल नवंबर में सब्जियों की आवक बढ़ने से दाम कम हो जाते थे लेकिन इस बार हालात अलग हैं। आवक तो भरपूर हो रही है लेकिन दाम कम नहीं हो रहे। जानकार इसका कारण मुनाफाखोरी बता रहे है।



टमाटर, फूलगोभी और पत्ता गोभी समेत सभी हरी सब्जियां बाजार में 30-45 रुपए प्रति किलो बिक रहीं हैं। इनके साथ प्याज और आलू के दाम अब भी तेज बने हुए हैं। अधिकतर सब्जियों के दाम थोक बाजार में कम हो रहे हैं लेकिन लोगों को फुटकर मंडियों और ठेलों में सब्जियां महंगी ही मिल रहीं हैं। कई सब्जियां नीलाम भाव से दोगुने और तिगुने दामों पर मिल रहीं हैं। बुधवार को करोंद मंडी में गिलकी महज 12 रुपए किलो नीलाम हुई लेकिन फुटकर बाजार में इसके दाम 40 रुपए हैं। मुलताई से आकर 10 रुपए किलो नीलाम हो रही पत्तागोभी भी 30 रुपए बिक रही है। जानकार कहते हैं कि आलू प्याज के दाम कम न होने के कारण छोटे दुकानदार दूसरी सब्जियां भी ऊंचे दामों पर ही बेच रहे हैं। बाजार में एक माह पहले की स्थिति से तुलना करें तो हरी सब्जियों के दाम ठेलों पर ज्यादा कम नहीं हुए। हालांकि थोक बाजार में इनके दाम 50त्न रह गए हैं। आलू और प्याज के दामों में ही इतनी कमी नहीं आई। थोक सब्जी विक्रेता कहते हैं कि थोक में सब्जियों के दाम तेजी से कम हुए हैं लेकिन फुटकर में यह असर नहीं देखा जा रहा है।

**इंदौर से भोपाल में आलू-टमाटर सस्ते-** भोपाल जिला प्रशासन ने आलू, प्याज और टमाटर के रेट जारी किए हैं। इसके अनुसार टमाटर 35 रुपए, आलू और प्याज 40 रुपए किलो बिक रहे हैं, जबकि इंदौर में टमाटर 38 रुपए और आलू 42 रुपए किलो मिल रहा है।

**कब तक घटेंगे दाम-** अब दिसंबर के पहले हफ्ते से दाम कम हो सकते हैं। नई प्याज की आवक शुरू हो चुकी है। आलू भी पंजाब और हरियाणा के साथ छिंदवाड़ा से आने लगा है। आगाम 10-15 दिनों में दूसरे शहरों से भी आवक बढ़ सकती है।



## मध्यप्रदेश: रतलाम में एक घर से तीन लाश मिलने से फैली सनसनी, माता-पिता और बेटी की हत्या

**रतलाम।** मध्य प्रदेश के रतलाम के राजीव नगर स्थित एक मकान में तीन लोगों के शव मिलने से सनसनी फैल गई। शव की सूचना मिलते ही काफी भीड़ जमा हो गई। पुलिस प्रशासन और एस पी गौरव तिवारी मौके पर पहुंचकर मामले की जानकारी जुटा रहे है। जानकारी के अनुसार गोविंद पिता बगदीराम उम्र (50), शारदा पति गोविंद (45) और दिव्या पिता गोविंद (21) की अपने ही घर में लाश मिली है। जानकारी के अनुसार रतलाम के जवाहर नगर स्थित मकान में एक ही परिवार के तीन लोगों की लाशें अलग-अलग कमरे मे मिली है। प्राथमिक जानकारी के अनुसार, हत्या की आशंका जताई जा रही है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

औद्योगिक थाना क्षेत्र के जवाहर नगर मुक्तिधाम के पास राजीव नगर में स्थित तीन मंजिला मकान की दूसरी मंजिल पर स्थित घर के अंदर तीन लोगों की गोली मारकर हत्या करने की आशंका व्यक्त की जा रही है। क्योंकि तीनों के शरीर पर खून निकला हुआ था और गोली लगने के निशान हैं। हालांकि अभी स्पष्ट नहीं हो पाया है कि तीनों को गोली लगी है या किसी अन्य वस्तु से चोट पहुंचाई गई है। एसपी गौरव तिवारी ने मौके पर पहुंचकर पूछताछ कर रहे हैं। वहीं जिन कमरों में शव मिले हैं, वहां किसी को नहीं जाने दिया गया है। हालांकि जांच पड़ताल के बाद ही मामले का खुलासा हो पाएगा।

## दिल्ली जाने के लिए किसानों के साथ बिना कुछ खाए पिए डटी हैं मेधा पाटकर

**आगरा।** कृषि कानूनों के विरोध में दिल्ली कूच कर रहीं सामाजिक कार्यकर्ता मेधा पाटकर किसानों के साथ पिछले 18 घंटे से राजस्थान-यूपी बार्डर पर डटी हुई हैं। इसके चलते लगे जाम को खुलवाने के लिए धौलपुर के डीएम राजेश कुमार मौके पर पहुंच गए। उन्होंने एक लाइन को चालू करा दिया है। वहीं मेधा पाटकर का कहना है कि संविधान की रक्षा करना जरूरी हो गया है। मजदूर, किसान सबके साथ अन्याय हो रहा है। केंद्र सरकार ने सारा कुछ निजी हाथों में दे दिया है। बस अब खेती किसानी बची है और आम आदमी बचा है। इनका अस्तित्व भी खतरे में है।

बीती रात आठ बजे पाटकर को लगभग दो सौ किसानों के साथ राजस्थान-यूपी बार्डर पर आगरा पुलिस ने रोक लिया। एएसएपी बबलू कुमार का कहना है कि उन्हें शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए रोका गया है। इसके बाद किसानों ने वहां पर धरना शुरू कर दिया था। सभी किसान भूखे प्यासे धरने पर बैठे हैं। उनका कहना है कि वह यूपी में प्रदर्शन नहीं कर रहे हैं, उन्हें तो दिल्ली जाना है। उन्हें क्यों रोका




गया। यही पता नहीं है। पाटकर ने धरना स्थल पर बातचीत करते हुए कहा कि यूपी सरकार और राजस्थान सरकार आपस में बात नहीं कर सकती। ऐसी स्थिति में यह जन आंदोलनों की राजनीति हम लोग आगे बढ़ाना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि यह सरकार किसानों के जीने का रास्ता रोक रही है। वहीं गुरुवार की सुबह लगभग दो दर्जन वाहनों के काफिले में किसान मध्य प्रदेश से सीमा पर पहुंच गए। उन्हें भी दिल्ली जाना है। इधर, धौलपुर के जिलाधिकारी राजेश कुमार जायसवाल, एसपी केशव सिंह, आगरा के एसपी ग्रामीण रवि कुमार और एसडीएम खेरागढ़ अंकुर कौशिक पुलिसबल के साथ मौके पर ही मौजूद हैं।

**हाईवे पर एक लाइन शुरू कराई-** किसानों के धरने के कारण ग्वालियर हाईवे पर दूर तक वाहनों की लाइन लग गई है। किसानों के वाहनों के साथ अन्य वाहनों को भी पुलिस ने चेकिंग के लिए रोक दिया है। बाद में राजस्थान और आगरा पुलिस ने किसानों से बातचीत कर एक लाइन को शुरू करा दिया है।

## फिरोजाबाद में दर्दनाक सड़क हादसा, टेंपो पर ट्रॉला चढ़ने से 6 की मौत, कई घायल

**फिरोजाबाद।** उत्तर प्रदेश के फिरोजाबाद में थाना नारखी के फरिहा और कोटला मार्ग के बीच भूतेश्वर मंदिर के पास एक सीमेंट से भरा ट्रॉला आगे चल रहे टेंपो के ऊपर चढ़ गया। सवारियों से भरा टेंपो ट्रॉला के आगे के हिस्से में बुरी तरह फंस गया और छह लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं कई लोग इस घटना में गंभीर रूप से घायल हो गए हैं, जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मामला गुरुवार की सुबह करीब साढ़े 10 बजे का है। कोटला की ओर से एक सवारियों से भरा टेंपो फरिहा से फिरोजाबाद की ओर जा रहा था। इसके पीछे एक सीमेंट की बोरियों से भरा ट्रॉला तेजी से आ रहा था। ओवरटेक के दौरान ट्रॉला अनियंत्रित हुआ और अपनी साइड में चल रहे टेंपो के ऊपर चढ़ गया। टेंपो का पूरा हिस्सा ट्रोला के आगे के हिस्से में फंसता गया और ट्रॉला सड़क से नीचे उतर गया।

### आश्रम की दिव्यांग महिला ने दिया बच्ची को जन्म

## रेप केस दर्ज कर पुलिस कर रही जांच- कैसे गर्भवती हुई?

**देवास।** दिव्यांग महिलाओं के साथ समाज का रवैया हमेशा कठोर ही रहा है। उनकी सुरक्षा के मुद्दे पर तमाम दावे होने के बावजूद उनके साथ कुछ न कुछ गलत होता ही रहता है। अब मध्य प्रदेश के देवास में ऐसा ही एक मामला देखने को मिला है। दरअसल मध्य प्रदेश के कबीर आश्रम में रह रही एक दिव्यांग महिला ने एक बच्ची को जन्म दिया है। यह जानकारी जिलाधिकारी ने बुधवार को दी। जिला कलेक्टर चंद्रमौली शुक्ला ने बताया कि कबीर आश्रम की 22 साल की मूक बधिर महिला को अस्पताल में भर्ती कराया गया जिसके बाद उसने बच्ची को जन्म दिया है। आईएएस शुक्ला ने कहा कि इस मामले में केस दर्ज कर लिया गया है। आगे की तहकीकात के लिए टीमों का



गठन भी कर दिया गया है। आश्रम में पूछ-ताछ के बाद पुलिस को पता चला है कि इस महिला को 6 साल की उम्र में उसके माता-पिता ने वहां छोड़ दिया था। उसके बाद से ही वह देवास जिले में कबीरपंथी समूह द्वारा चलाए जा रहे दो आश्रमों में रह रही थी। जिला अस्पताल में बच्ची के जन्म के बाद यह मामला सामने आया है। अधिकारी ने बताया, पुलिस तहकीकात कर रही है कि यह मूक-बधिर महिला गर्भवती कैसे हुई और इसी संदर्भ में अज्ञात लोगों के खिलाफ देवास में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस अब आश्रम में रह रहे लोगों का डीएनए टेस्ट कराएगी। पुलिस यह भी कयास लगा रही है कि महिला को आश्रम के बाहर भी यौन शोषण का शिकार बनाया गया होगा। इस घटना के बाद 6 अन्य महिलाओं को आश्रम से बचाया गया है।



## आईपीएस अफसर की भांजी को ससुराल वालों ने बनाया बंधक

**मेरठ।** आईबी दिल्ली में तैनात आईपीएस अफसर की भांजी को ससुरालियों ने मेरठ में बंधक बनाया हुआ था। इस बात की सूचना दिल्ली से आईपीएस अफसर ने मेरठ एसएसपी को दी। इसके बाद नौचंदी पुलिस की एक टीम को भेजकर महिला को बंधन मुक्त कराया गया। बाद में महिला को उनके भाइयों के हवाले किया गया। इस संबंध में एक लिखित शिकायत भी नौचंदी पुलिस को दी गई है। महिला फिलहाल परिजनों के साथ दिल्ली रवाना हो गई है। दिल्ली आईबी कार्यालय में तैनात आईपीएस अफसर की भांजी की शादी मेरठ के नौचंदी इलाके में सम्राट पैलेस निवासी कारोबारी के साथ हुई थी। पिछले कुछ दिनों से महिला को ससुराल में परेशान किया जा रहा था। इस संबंध में महिला ने अपने परिजनों को फोन पर सूचना भी दी थी। तीन दिन से महिला का घर से बाहर निकलना बंद कर दिया गया था और फोन भी ससुरालियों ने कब्जे में ले लिया था। किसी तरह से महिला ने अपने भाई को इस बात की सूचना दी। बाद में महिला के भाई ने दिल्ली आईबी कार्यालय में तैनात अपने आईपीएस मामा को जानकारी दी और मदद मांगी। आईपीएस अफसर ने मेरठ एसएसपी अजय साहनी से इस प्रकरण में फोन पर बात की। इसके बाद एसएसपी के आदेश पर महिला के परिजनों के साथ पुलिस फोर्स सम्राट पैलेस कॉलोनी पहुंची और महिला को बंधन मुक्त कराया गया। इस दौरान महिला पुलिस भी साथ थी और वीडियोग्राफी कराई गई। महिला और उनके परिजनों को नौचंदी थाने लाया गया। यहां से महिला को परिजनों को सौंप दिया।

### इनका कहना है

दिल्ली से आईपीएस अफसर का फोन आया था। उनकी भांजी नौचंदी के सम्राट पैलेस में रहती हैं। पारिवारिक विवाद था जिसके कारण पुलिस को हस्तक्षेप करना पड़ा। महिला को फिलहाल उनके भाई के साथ भेजा गया है। बाकी कार्रवाई की जा रही है।

**- अजय साहनी, एसएसपी**

## 7477 करोड़ की लागत से बनने वाली 16 सड़क परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास आज

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के लिए गुरुवार का दिन खास है। 7477 करोड़ की लागत से बनने वाली 16 सड़क परियोजनाओं का आज लोकार्पण और शिलान्यास होगा। प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में केंद्र मंत्री नितिन गडकरी के हाथों से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए इन परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास होगा। इस खास मौके पर रिटायर्ड जनरल वीके सिंह, डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य समेत यूपी कैबिनेट के कई मंत्री शामिल होंगे।

**इन परियोजनाओं का होगा लोकार्पण व शिलान्यास**

- मेरठ से बुलंदशहर खंड एनएच-235 का चार लेन चौड़ीकरण
- गोरखपुर बाईपास एनएच-24 से कालेशर एनएच-24 का चार लेन निर्माण
- महोबा एवं बांदा जनपद के अन्तर्गत कबरई से बांदा खंड एनएच-76 के चौड़ीकरण एवं उन्नयन का कार्य
- चित्रकूट एवं प्रयागराज जनपद के अन्तर्गत मऊ से जसरा खंड एनएच-76 के चौड़ीकरण एवं उन्नयन का कार्य
- प्रतापगढ़ से प्रयागराज बाईपास



खंड एनएच-96 के चार लेन चौड़ीकरण एवं उन्नयन का कार्य
- सिद्धार्थनगर जनपद के अंतर्गत बढ़नी से कटाया चौक खंड एनएन-730 **के चौड़ीकरण एवं उन्नयन का कार्य**- कानपुर जनपद के अंतर्गत एनएच-91 के सीओडी **क्रासिंग पर आरओबी का निर्माण कार्य**-- इटावा एवं औरैया जनपद के अंतर्गत भरथना चौक इटावा से कुदरकोट मार्ग के चौड़ीकरण का कार्य
- सोनभद्र जनपद में एनएच-75 ई के एमपी और यूपी बॉर्डर से शुरू होकर सोनभद्र होते हुए यूपी-झारखंड सीमा तक सुदृढ़ीकरण का कार्य
- मिर्जापुर जनपद में डूमण्डगंज से हलिया तक मार्ग चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण का कार्य
- प्रयागराज जनपद में रामपुर से भडेवरा तक मार्ग चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण का कार्य
- गोरखपुर जनपद में सीकरीगंज और गोला के बीच में मार्ग चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण का कार्य
- कुशीनगर जनपद में तमकुहीराज और पडरौना के बीच में मार्ग चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण का कार्य कार्य शुभारंभ
- प्रयागराज जनपद में एनएच-96(330) पर फाफामऊ में गंगा नदी पर बने सेतु के समानान्तर नए 6 लेन सेतु मार्ग का निर्माण कार्य सिक्स लेन पुल की लंबाई 9.9 किलोमीटर होगी, 1948 करोड़ की लागत से बनेगा

प्रयागराज में गुरुवार बहुप्रतीक्षित मलाक हरहर से स्टैनली रोड तक सिक्स लेन पुल की नींव रखी जाएगी। डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य दोपहर तीन बजे पुल का शिलान्यास करेंगे। 1948 करोड़ की लागत से बनने वाले इस पुल की लंबाई 9.9 किलोमीटर होगी। तीन साल में इसे पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। सिक्स लेन पुल का निर्माण सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय की ओर से किया जाएगा।

## लापरवाही: बच्ची के शव को कुतर गए चूहे, डीएम ने दिए जांच के आदेश

**अलीगढ।** अलीगढ़ में निजी अस्पताल प्रबंधन की लापरवाही का बड़ा मामला सामने आया है। डिलीवरी के बाद नवजात की मौत होने पर उसके शव को अस्पताल में डीप फ्रीजर में रखा गया था। लेकिन सुबह जब बच्ची के शव को परिजनों के सुपुर्द करने के लिए निकाला गया तो उसका शव क्षत विक्षत पाया गया। उसके शरीर को जगह जगह चूहों ने नोंच खाया था। डीएम ने मामले की जांच बैठा दी है। राजेश कुमार पुत्र सुखपाल निवासी ग्राम पिलखुनी ने अतरौली थाने में शिकायत दी है। कहा कि पत्नी सपना देवी को 22 नवंबर को कीर्ति अस्पताल में प्रसव के लिए भर्ती कराया था। देर रात 11 बजे सपना ने पुत्री को जन्म दिया। जिसे अस्पताल के डॉक्टरों ने सुरक्षित बताया। रात करीब 12 बजे डॉक्टर ने बताया कि हम बच्ची को नहीं बचा सके। बच्ची के शव को परिजनों को सौंप दिया फिर उसे वापस लेकर अस्पताल में रख दिया। 23 नवंबर को बच्ची का शव परिजनों को सौंप दिया। शव क्षत विक्षत था। आरोप है कि पूछने पर डॉक्टर अभद्रता करने लगे। कहने लगे आपकी बच्ची जैसी थी वैसी ही है। फौरन अस्पताल का बिल पूरा भरो और बच्ची के शव व उसकी मां को ले जाओ। राजेश कुमार ने बताया कि अस्पताल का पूरा भुगतान करने बाद ही बच्ची का शव सौंपा गया। सीएमओ डाक्टर बीपी सिंह ने कहा कि बच्ची के शव को चूहों ने कुतरा है या नहीं यह जांच का विषय है। शव की पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद भी मामला स्पष्ट होगा। डीएम ने जांच के आदेश दिए हैं। 24 घंटे अंदर मामले की जांच रिपोर्ट दे दी जाएगी। वहीं, जिलाधिकारी चंद्रभूषम सिंह के अनुसार अतरौली क्षेत्र स्थित प्राइवेट कीर्ति हॉस्पिटल की लापरवाही का मामला सामने आया है। मामले की एसडीएम अतरौली व सीएमओ को 24 घंटे के अंदर जांच कर सौंपने के आदेश दिए गए हैं।

### खेत में सिंचाई कर रहे किसान पर जानलेवा हमला

**बहराइच।** बहराइच में खेत में सिंचाई कर रहे किसान पर बुधवार की देर शाम पुरानी रंजिश को लेकर लाठी डंडे से लैस हमलावरों ने हमला कर मारपीट कर घायल कर दिया। हमलावर मौके से फरार हो गए। घायल को नानपारा सीएचसी से मेडिकल कालेज रेफर कर दिया गया है। नानपारा कोतवाली के कलंदरपुरवा नई बस्ती निवासी नसीरूद्दीन पुत्र अमीन अली बुधवार को देर शाम अपने खेत में सिंचाई कर रहे थे। इसी दौरान पुरानी रंजिश को लेकर गांव के ही तकदीर अली सहित 4 लोगो ने खेत में लाठी डंडे से हमला कर घायल कर दिया। वारदात के बाद हमलावर मौके से फरार हो गए। घायल को परिजन आनन फानन में कोतवाली लाए। पुलिस ने उन्हें मेडिकल को नानपारा सीएचसी भेजा। नसीरुद्दीन की तहरीर पर तकदीर अली सहित चार लोगों को नामजद कर मारपीट की धाराओं में केस दर्ज किया गया है।

## लापरवाही: बच्ची के शव को कुतर गए चूहे, डीएम ने दिए जांच के आदेश

**अलीगढ़।** अलीगढ़ में निजी अस्पताल प्रबंधन की लापरवाही का बड़ा मामला सामने आया है। डिलीवरी के बाद नवजात की मौत होने पर उसके शव को अस्पताल में डीप फ्रीजर में रखा गया था। लेकिन सुबह जब बच्ची के शव को परिजनों के सुपुर्द करने के लिए निकाला गया तो उसका शव क्षत विक्षत पाया गया। उसके शरीर को जगह जगह चूहों ने नोंच खाया था। डीएम ने मामले की जांच बैठा दी है। राजेश कुमार पुत्र सुखपाल निवासी ग्राम पिलखुनी ने अतरौली थाने में शिकायत दी है। कहा कि पत्नी सपना देवी को 22 नवंबर को कीर्ति अस्पताल में प्रसव के लिए भर्ती कराया था। देर रात 11 बजे सपना ने पुत्री को जन्म दिया। जिसे अस्पताल के डॉक्टरों ने



सुरक्षित बताया। रात करीब 12 बजे डॉक्टर ने बताया कि हम बच्ची को नहीं बचा सके। बच्ची के शव को परिजनों को सौंप दिया फिर उसे वापस लेकर अस्पताल में रख दिया। 23 नवंबर को बच्ची का शव परिजनों को सौंप दिया। शव क्षत विक्षत था। आरोप है कि पूछने पर डॉक्टर अभद्रता करने लगे। कहने लगे आपकी बच्ची जैसी थी वैसी ही है। फौरन अस्पताल का बिल पूरा भरो और बच्ची के शव व उसकी मां को ले जाओ। राजेश कुमार ने बताया कि अस्पताल का पूरा भुगतान करने बाद ही बच्ची का शव सौंपा गया। सीएमओ डाक्टर बीपी सिंह ने कहा कि बच्ची के शव को चूहों ने कुतरा है या नहीं यह जांच का विषय है। शव की पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद भी मामला स्पष्ट होगा। डीएम ने जांच के आदेश दिए हैं। 24 घंटे अंदर मामले की जांच रिपोर्ट दे दी जाएगी। वहीं, जिलाधिकारी चंद्रभूषम सिंह के अनुसार अतरौली क्षेत्र स्थित प्राइवेट कीर्ति हॉस्पिटल की लापरवाही का मामला सामने आया है। मामले की एसडीएम अतरौली व सीएमओ को 24 घंटे के अंदर जांच कर सौंपने के आदेश दिए गए हैं।

## सम्पादकीय

### थम गई तेजस

भारत की पहली निजी ट्रेन का संचालन रद्द करने का फैसला जितना चिंताजनक है, उतना ही विचारणीय भी। इंडियन रेलवे कैटरिंग ऐंड टूरिज्म कॉर्पोरेशन लिमिटेड (आईआरसीटीसी) द्वारा संचालित इस ट्रेन के पहिए आज के बाद रुक जाएंगे। लखनऊ-दिल्ली और मुंबई-अहमदाबाद के बीच तेजस एक्सप्रेस के परिचालन को रोकने का निर्णय किया गया है। यह गौर करने वाली बात है कि कोरोना संक्रमण की शुरुआत में लॉकडाउन से पहले ही 19 मार्च को तेजस का संचालन बंद कर दिया गया था। त्योहारों को देखते हुए तेजस एक्सप्रेस का 17 अक्तूबर को परिचालन फिर शुरू किया गया था। अब परिचालन को यात्रियों की कमी की वजह से अगर रद्द करना पड़ रहा है, तो यह विमर्श का गंभीर विषय है। जहां इन्हीं मार्गों पर दूसरी सार्वजनिक ट्रेनों का संचालन आसानी से हो रहा है, वहीं तेजस को अगर यात्रियों की कमी का सामना करना पड़ा है, तो इसके कुछ संकेत बहुत स्पष्ट हैं। पहला संकेत, इन ट्रेनों का संचालन जिस लागत, कीमत और गुणवत्ता के आधार पर होना चाहिए, शायद वैसा नहीं हो पा रहा है। जब सार्वजनिक ट्रेनों की पटरी पर वापसी सामान्य नहीं हो पा रही है, जब ज्यादातर विशेष ट्रेनों के जरिए ही यात्री अपने गंतव्य पर पहुंचने को विवश हैं, तब इन निजी ट्रेनों के पास एक मौका था। वे अपनी सेवा से यात्रियों के दिल में जगह बना सकती थीं। कोरोना के समय सामान्य ट्रेनों में सफर सुरक्षित नहीं माना जाता है, तो क्या तेजस के जरिए यह कोशिश नहीं होनी चाहिए थी कि यात्रा को पूर्ण सुरक्षित बनाया जाता? बेशक, युग कोई भी हो, निजी क्षेत्र को अपनी सेवा गुणवत्ता के जरिए ही आगे बढ़ने में सहूलियत हो सकती है। यदि निजी सेवा को भी सरकारी सेवा की तरह ही चलाया जाएगा और उसकी लागत-कीमत ज्यादा वसूली जाएगी, तो निजी सेवा को जारी रखना आसान नहीं होगा। तेजस का बंद होना एक संकेत है, भारत में निजी क्षेत्र या निजी रेल सेवा वह जरूरी अंतर नहीं पैदा कर सकी, जो उसे अपनी जगह बनाने के लिए करना चाहिए था। कुछ महीने बाद भले तेजस को फिर शुरू कर दिया जाए, लेकिन जिस उम्मीद से तेजस की शुरुआत हुई थी, उसमें नाकामी ही हाथ लगी है। यह सवाल पहले ही उठाया जा रहा था कि महंगी तेजस रेल सेवा को यात्री कहां से मिलेंगे? तेजस के बंद होने से आईआरसीटीसी की छवि को भी नुकसान हुआ है। यह भी कहा जाएगा कि चूंकि आईआरसीटीसी सरकार से जुड़ी इकाई है, इसलिए तेजस पूरी तरह से निजी सेवा नहीं है। तो सवाल यह है कि क्या तेजस को भी सरकारी ढर्रे पर चलाने की कोशिश हुई है और सेवा को आकर्षक बनाए रखने के लिए पर्याप्त प्रयोग या नवाचार नहीं किए गए हैं? तेजस की नाकामी से एक और बात सामने आई है कि निजी क्षेत्र अपने लाभ के लिए ही सक्रिय रहता है और अर्थव्यवस्था व देश जब मुसीबत में हो, तब निजी क्षेत्र अपने हाथ खड़े करने में भलाई समझ लेता है। तेजस से सबक सीखते हुए सार्वजनिक रेल सेवा में ही ज्यादा से ज्यादा सुधार और सुविधा बढ़ाने की जरूरत है। उन्हीं सेवाओं और उपक्रमों को पूरी मुस्तैदी से आगे बढ़ाना चाहिए, जो मुसीबत या जरूरत के समय काम आएं? सार्वजनिक सेवा में निजी क्षेत्र को अपनी जगह बनाने के लिए कुछ अलग ही आदर्श गढ़ने पड़ेंगे।

# बदलते समाज में गोद के सवाल

बिभा त्रिपाठी

**बच्चों को गोद लेने का पुनीत उद्देश्य तब और फलीभूत होगा जब हम विशेष आवश्यकता वाले बालकों को भी अपनाने के लिए पहल करेंगे। इस पहल को अमलीजामा पहनाने के लिए कानूनी प्रक्रियाओं को आसान बनाए जाने की जरूरत है, ताकि लोग जरूरतमंद बच्चों को गोद लेने के लिए प्रेरित हो सकें।**



दत्तक ग्रहण वह प्रक्रिया है जिसके अंतर्गत एक माता-पिता किसी दूसरे माता-पिता, संस्था या राज्य के माध्यम से किसी लड़के या लड़की को गोद लेते हैं और इसके बाद वह लड़का या लड़की अपने नए माता-पिता की विधिक संतान समझे जाते हैं। ज्ञात हो कि पूरे नवंबर महीने को दत्तक ग्रहण माह के रूप में मनाया जाता है, जिसमें लोगों को बच्चों को गोद लेने के लिए जागरूक करने का प्रयास किया जाता है। दत्तक ग्रहण की प्रक्रिया और प्रश्न जितना कानूनी प्रावधानों से बंधा हुआ है, उससे कहीं ज्यादा यह सामाजिक, धार्मिक, आध्यात्मिक, परमार्थवादी और मनोवैज्ञानिक सोच से भी प्रभावित है।

किसी बच्चे को गोद लेने के पहले और उसके बाद अनेक ऐसे सवाल उठते हैं जिनका संभावित उत्तर पाने का प्रयास हर वह व्यक्ति अथवा दंपत्ति करता है जिसने किसी बच्चे को गोद लेने के बारे में सोचा हो। भारत की बहुसंख्यक हिंदू आबादी जहां हिंदू दत्तक ग्रहण एवं भरण पोषण अधिनियम, 1956 के प्रावधानों के तहत गोद ले सकती है, वहीं गैर हिंदू धर्म का कोई व्यक्ति संरक्षक एवं प्रतिपाल्य अधिनियम, 1890 के तहत किसी भी बच्चे का संरक्षकत्व हासिल कर सकता है। इसके अलावा किशोर न्याय देखभाल एवं संरक्षण अधिनियम, 2015 के अंतर्गत किसी भी धर्म या जाति का पुरुष स्त्री अथवा दंपत्ति किसी भी अनाथ परित्यक्त अथवा सौंपे हुए बच्चे को गोद ले सकते हैं। शबनम हाशमी बनाम भारत संघ के मामले में उच्चतम न्यायालय ने यह स्पष्ट कर दिया कि अब कोई भी गैर हिंदू किशोर न्याय देखभाल एवं संरक्षण अधिनियम के तहत किसी भी बच्चे को गोद ले सकता है।

इस अधिनियम की धारा 56 से लेकर 73 तक में दत्तक ग्रहण से संबंधित समस्त प्रावधानों का उल्लेख किया गया है, जिसमें दत्तक ग्रहण का उद्देश्य, भावी दत्तक ग्रहण अभिभावकों की योग्यता, भारतीय भावी अभिभावकों के द्वारा अपनाई जाने वाली प्रक्रिया, दत्तक ग्रहण हेतु किसी प्रतिफल की मनाही एवं प्रतिफल दिए जाने पर दंड दिए जाने की प्रक्रिया, दत्तक ग्रहण का प्रभाव, राज्य एवं केंद्र स्तरीय दत्तक ग्रहण संसाधन अभिकरण के लिए प्रावधान विशेष रूप से उल्लेखनीय हैं।

लेकिन समस्या यह है कि इन तीन प्रकार की विधियों में एकरूपता नहीं है। जहां हिंदू दत्तक ग्रहण एवं भरण पोषण अधिनियम के तहत दत्तक ग्रहण अंतिम और अविखंडनीय हो जाता है यानी किसी भी स्थिति में बच्चे को छोड़ा नहीं जा सकता है, वहीं किशोर न्याय एवं देखभाल अधिनियम के तहत लिए गए बच्चे को अपवाद की परिस्थितियों में वापस भी किया जा सकता है। इसी तरह उम्र को लेकर भी एकरूपता नहीं है। जहां हिंदू दत्तक ग्रहण में बच्चे की उम्र पंद्रह वर्ष से ऊपर नहीं होनी चाहिए, वहीं किशोर न्याय अधिनियम के तहत अठारह वर्ष से कम के बच्चे को गोद लिया जा सकता है। गोद लिए जाने वाले बच्चे की उम्र और गोद लेने की उम्र के बीच भी कम से कम इक्कीस वर्ष का अंतर होना चाहिए।

अब प्रश्न उठता है प्राथमिकता का, यानी कोई भी व्यक्ति जब दत्तक ग्रहण के द्वारा मातृत्व, पितृत्व, अभिभावकत्व अथवा संरक्षकत्व का दायित्व संभालने को तैयार होता है तो वह किसे चुनना चाहता है? पुत्र के रूप में लड़के को, पुत्री के रूप में लड़की को, नवजात शिशु को, या फिर अठारह वर्ष से नीचे के उम्र के किसी भी बालक या बालिका को, या फिर विशेष आवश्यकता वाले किसी दिव्यांग बच्चे को। बच्चों के कल्याणार्थ जो अंतरराष्ट्रीय एवं राष्ट्रीय विधियां व नियम बनाए हैं, उनमें बच्चों के सर्वोत्तम हित को सुनिश्चित करना सबसे ज्यादा महत्त्वपूर्ण है। इनमें यह भी उल्लेखित है कि किसी भी बच्चे को, जो देखभाल एवं संरक्षण की आवश्यकता वाला बच्चा है, सरकारी या गैर सरकारी संरक्षण गृहों में रखने के बजाय एक पारिवारिक वातावरण के अंतर्गत रखा जाना चाहिए। परिवार जैसी सामाजिक संस्था जो सहयोग, समर्पण, सामंजस्य और संवेदनशीलता के आधार स्तंभों पर टिकी होती है, वहां एक बच्चे का सर्वांगीण विकास सुनिश्चित होता है, इसमें कोई संदेह नहीं है।

लेकिन इन सबके बीच जब भारत के अनाथ और परित्यक्त बच्चों का सवाल आता है तो यह एक गंभीर समस्या का अहसास कराता है। संयुक्त राष्ट्र बाल कोष (यूनिसेफ) के आंकड़े बताते हैं कि भारत में अनाथ और परित्यक्त बच्चों की आबादी लगभग तीन करोड़ तक पहुंच चुकी है। चिंता की बात तो यह है कि भारत में उन दंपतियों की तादाद भी बढ़ रही है जो निसंतान हैं या एकल जीवन व्यतीत कर रहे हैं या समलैंगिक समुदाय के हैं।

अपने वंशानुक्रम को जैविक बच्चे के माध्यम से बनाए रखने की पुरातन सोच को चिकित्सकीय तकनीकी प्रगति से बल मिला है और लोग आइवीएफ अथवा सरोगेसी के माध्यम से परिवार को बढ़ा रहे हैं। ऐसे में प्रश्न उठता है कि वर्तमान समय में जो कानूनी प्रावधान हैं और केंद्रीय दत्तक ग्रहण नियामक प्राधिकरण के जो दिशा-निर्देश हैं, उनकी समीक्षा क्यों नहीं की होनी चाहिए। कहीं ये नियम-कानून इतने कठोर तो नहीं हैं कि लोग इन उलझनों में पड़ना ही नहीं चाहते हों। दूसरा महत्त्वपूर्ण प्रश्न दत्तक ग्रहण के प्रभाव का है। जब भी कोई बच्चा गोद लिया जाएगा तो उसके अधिकार एवं कर्तव्य पूर्णरूप से जैविक संतान की भांति ही होंगे। ऐसे में विवाद उत्पन्न होता है संपत्ति के उत्तराधिकार को लेकर। जहां तक हिंदू उत्तराधिकार संशोधन अधिनियम, 2005 की बात है, तो इसमें पुत्र के संबंध में तो कोई विवाद नहीं है। लेकिन गोद ली गई पुत्री को जन्म से सहदायिकी मानने का कोई उल्लेख नहीं है यानी वह पैतृक संपत्ति की अधिकारिणी नहीं मानी जाती है।

इसी साल उच्चतम न्यायालय ने एम. वनजा बनाम एम सरला देवी के मामले में यह सुनिश्चित किया कि एक वैध दत्तक ग्रहण के लिए पत्नी की सहमति एवं दत्तक में बच्चे का देना एवं लेना भी आवश्यक है। इस मामले में जब बेटी द्वारा संपत्ति के विभाजन का दावा किया गया तो माता ने यह तर्क दिया कि इस बच्ची का उसके और उसके मृतक पति के द्वारा केवल पालन-पोषण किया गया था, उसे दत्तक में ग्रहण नहीं किया गया था। न्यायालय ने अपीलार्थी लड़की के पक्ष में निर्णय इसलिए नहीं दिया क्योंकि उसके पास दत्तक ग्रहण का कोई सबूत नहीं था।

समस्या का दूसरा पहलू गोद लिए जाने वाले बच्चे की उम्र का है। आंकड़े बताते हैं कि नवजात शिशुओं को गोद लेने का प्रतिशत ज्यादा है, क्योंकि ऐसे बच्चों का पालन-पोषण करते समय उनके अभिभावक नैसर्गिक अभिभावकत्व का सुख प्राप्त करते हैं। इस साल मार्च के अंत तक कुल तीन हजार पांच सौ इकत्तीस बच्चों को गोद लिया गया जिनमें दो हजार इकसठ लड़कियां थीं। परंतु इसके पीछे का कारण यह नहीं है कि लैंगिक असमानता के मुद्दे पर सोच बदल गई है, बल्कि यह है कि गोद लिए जाने के लिए उपलब्ध बच्चों में लड़कियों की संख्या ज्यादा है। इनमें तीन हजार एक सौ बीस बच्चे पांच साल तक के थे, जबकि पांच से अठारह वर्ष के भीतर के मात्र चार सौ ग्यारह बच्चे थे। गोद लेने के मामले में राज्यों के स्तर पर महाराष्ट्र अग्रणी रहा क्योंकि महाराष्ट्र में लगभग साठ एजेंसियां इस काम में लगी हैं, जबकि अन्य राज्यों में यह प्रतिशत बीस या उससे कम रहा।

बच्चों को गोद लेने का पुनीत उद्देश्य तब और फलीभूत होगा जब हम विशेष आवश्यकता वाले बालकों को भी अपनाने के लिए पहल करेंगे। इस पहल को अमलीजामा पहनाने के लिए कानूनी प्रक्रियाओं को आसान बनाए जाने की जरूरत है, ताकि लोग जरूरतमंद बच्चों को गोद लेने के लिए प्रेरित हो सकें। यहां यह भी उल्लेखनीय है कि दत्तक ग्रहण का अधिकार मौलिक अधिकार नहीं है। किंतु यह एक विधिक अधिकार अवश्य है। इस प्रक्रिया की सफलता निर्भर करती है उस अभिभावक की पुनीत भावना पर, संस्थाओं की निष्पक्षता पर, हितधारकों की निष्ठा पर और समाज की समृद्ध और उदारवादी सोच पर।

## अमेरिका के नए राष्ट्रपति जो बाइडेन

77 वर्ष के जो बाइडेन का राजनीतिक कैरियर पांच दशक यानी 50 वर्ष से भी ज्यादा पुराना है। वे 1973 में पहली बार अमेरिका के सांसद बने थे। जो बाइडेन का जन्म 20 नवंबर 1942 को पेंसिल्वेनिया के स्क्रैंटन में हुआ था। जो बाइडेन का पूरा नाम %जोसेफ रॉबिनेट बाइडेन जूनियर% है। इन्हें %मिडिल क्लास जो% भी कहा जाता है।क्योंकि इनका जन्म एक मध्यमवर्गीय परिवार में हुआ और उन्हें अपने जीवन की जरूरतों को पूरा करने के लिए काफी संघर्ष करना पड़ा है। जो बाइडेन चार भाई-बहनों में सबसे बड़े हैं। दस वर्ष की उम्र में जो बाइडेन अपने परिवार के साथ डेलावेयर में शिफ्ट हो गए थे। बचपन में जो बाइडेन बहुत हकलाते थे जिसके कारण उनके सहपाठी उन्हें चिढ़ाया करते थे। लेकिन इसके बावजूद उन्होंने यूनिवर्सिटी आफ डेलावेयर से पॉलिटिकल साइंस और इतिहास की पढ़ाई की। कॉलेज में पढ़ाई के दौरान बहामास में छुट्टियों के समय उनकी मुलाकात अपनी पहली पत्नी नीलिया हंटर से हुई। 25 वर्ष की उम्र में वे राजनीति में आए और 29 वर्ष की उम्र में उन्होंने सीनेट का चुनाव लड़ा। 18 दिसंबर 1972 को उनके जीवन में एक बहुत बड़ी दुर्घटना हुई। एक कार एक्सीडेंट में उन्होंने अपनी पत्नी और 13 महीने की बेटी को खो दिया। उनके बेटे बो और हंटर भी इस दुर्घटना में बुरी तरह घायल हुए थे किंतु इसके बावजूद उन्होंने सीनेट का चुनाव लड़ा और जीत हासिल की।5 जनवरी 1973 को उन्होंने अस्पताल के बेड से ही डेलावेयर के सांसद के तौर पर शपथ ली तब उनके दोनों बेटे भी उनके साथ अस्पताल में ही भर्ती थे। वे इतनी कम उम्र के गिने-चुने सांसदों में से एक थे। पत्नी की मृत्यु के बाद वे अपने बेटों को ज्यादा से ज्यादा समय देना चाहते थे इसलिए वो ट्रेन के जरिए रोज डेलावेयर के वेल्मिंटन से वाशिंगटन तक का 179 किलोमीटर लंबा सफर तय किया करते थे। वह 30 वर्ष तक इसी प्रकार ट्रेन से वाशिंगटन डीसी जाते रहे। परिणाम स्वरूप इस रूट पर कार्य करने वाले रेल के कर्मचारी उनसे इतना घुल मिल गए कि जो बाइडेन अक्सर उन लोगों के साथ ट्रेन में ही पार्टी किया करते थे। जो बाइडेन के नाम पर वेल्मिंटन के रेलवे स्टेशन का नाम भी उन्हीं के नाम पर जो बाइडेन स्टेशन रख दिया गया था। जो बाइडेन पिछले 33 वर्षों से अमेरिका का राष्ट्रपति बनने की कोशिश कर रहे थे। वर्ष 1987 में वे राष्ट्रपति के उम्मीदवार के रूप में खड़े हुए किंतु किसी दूसरे नेता के भाषण की कॉपी करने का आरोप लगने पर उन्हें उम्मीदवार का पद छोड़ना पड़ा। वर्ष 2007 में वो अमेरिका का राष्ट्रपति बनने की रेस में पुनः शामिल हुए किंतु फिर उन्होंने अपनी उम्मीदवारी वापस ले ली, लेकिन इस बार बराक ओबामा के साथ 47 वें उपराष्ट्रपति बनकर व्हाइट हाउस पहुंचने में वो सफल हुए। बाइडेन का 47 वर्ष पुराना कैरियर विवादों से भरा रहा है। वर्ष 1978 में उन्होंने एक विवादित कानून का समर्थन किया था और वर्ष 2002 में उन्होंने इराक युद्ध के समर्थन में अपना वोट डाला था, हालांकि इस साल उन्होंने इसे अपनी गलती माना है?। उन्हें क्रीपी जो कह कर भी बुलाया जाता है। क्रीपी गलत व्यवहार करने वाले व्यक्ति को कहते हैं। बाइडेन पर भी कई महिलाओं के साथ दुर्व्यवहार करने के आरोप लग चुके हैं। वर्ष 1978 में उन पर रंगभेदी होने के भी आरोप लगे थे और वर्ष 1994 में उन्होंने अपराध रोकने के लिए एक विवादित कानून का समर्थन किया, जिसके बारे में कहा जाता था कि इसके जरिए अश्वेतों को निशाना बनाया जाएगा। अमेरिका के 46वें राष्ट्रपति के रूप में चुने गए जो बाइडेन वर्ष 2008 में उपराष्ट्रपति बनने से पहले भारत के साथ मजबूत संबंधों के पक्षधर रहे हैं और अमेरिका की विदेश मामलों की कमेटी का चेयरमैन रहते हुए उन्होंने भारत के साथ संबंधों को लेकर एक विशेष रणनीति भी बनाई थी। वर्ष 2006 में उन्होंने यहां तक कहा था कि उनका सपना है कि वर्ष 2020 तक भारत और अमेरिका सबसे गहरे मित्र बन जाएं। ये बातें उन्होंने तब कही थीं जब वह अमेरिका के उपराष्ट्रपति भी नहीं बने थे?। वर्ष 2008 में भारत और अमेरिका में होने वाली न्यूक्लियर डील में भी जो बाइडेन की बड़ी भूमिका थी, इसके लिए उन्होंने न सिर्फ बराक ओबामा को तैयार किया था जो उस समय सांसद थे बल्कि इसके लिए उन्होंने रिपब्लिकन पार्टी के सांसदों को भी राजी किया था। बाइडेन और ओबामा प्रशासन के दौरान अमेरिका ने पहली बार भारत को अपना बड़ा डिफेंस पार्टनर माना और इसी वजह से भारत को रक्षा के क्षेत्र में नई और एडवांस टेक्नोलॉजी मिलने की राह आसान हुई। पहली बार अमेरिका ने नाटो के बाहर किसी गैर नाटो देश को ये दर्जा दिया था। वर्ष 2016 में जब जो बाइडेन अमेरिका के उपराष्ट्रपति बने तब भारत और अमेरिका के बीच लॉजिस्टिक्स एक्सचेंज मेमोरैंडम ऑफ एग्रीमेंट हुआ था, जिसके बाद अमेरिका और भारत एक दूसरे के रणनीतिक सहयोगी बन गए थे। इस समझौते के बाद भारत और अमेरिका को एक सप्लाई सर्विसिंग और स्पेयर पार्ट्स के लिए एक दूसरे के मिलिट्री बेस इस्तेमाल करने की इजाजत मिल गई थी। आतंकवाद पर भी जो बाइडेन का रवैया काफी सख्त माना जाता है, जो कि भारत के लिए अच्छी बात है लेकिन चीन के मुद्दे पर बाइडेन का रुख अभी साफ नहीं है। इमिग्रेशन और एच-1 वीजा के मुद्दे पर भी बाइडेन संभवतः नर्म रुख अपना सकते हैं।



**रंजना मिश्रा**
**कानपुर,उत्तर प्रदेश**

## तुलसी विवाह एवम तुलसी महात्म्य



तुलसी दर्शन जो करे नितदिन
सब पाप उसके कट जाते है
अबिरल करें तो तूलसी पूजा
मोक्ष प्राप्त कर जाते हैं
प्रातः उठकर तुलसी को
जो नित्य जल चढ़ाते हैं
खुशियों की मिलती सौगात
दुख दूर हो जाते हैं
आयुर्वेद में तुलसी को
माना जाता संजीवनी समान
जुकाम,खांसी,बुखार और कई
बीमारियों का करती है यह काम तमाम
कार्तिक माह के शुक्ल पक्ष की
एकादशी को देवउठनी मनाई जाती है
तुलसी विवाह का महत्व है इस दिन
बिधि विधान से शादी करवाई जाती है
एक बार गुस्से में माता तुलसी ने
विष्णु को श्राप से पत्थर बना दिया
श्राप से मुक्ति पाने को विष्णु जी ने
शालिग्राम का फिर अवतार लिया
पहले हर घर के आंगन में
तुलसी चौरा होता था
तुलसी की पूजा होती थी
जल चढ़ाया जाता था
जिस घर में अब भी
तुलसी की पूजा की जाती है
उस घर में खुशियां बस्ती हैं
और खुशहाली आती है

**रवींद्र कुमार शर्मा**
**घुमारवीं**
**जिला बिलासपर हि प्र**

## धनतेरस के दिन मैंने अपनी मां को खोया



धनतेरस के दिन मैं, परिवार सहित बहुत रोया
क्या बताऊं अपनी व्यथा, उस दिन मैंने अपनी मां को खोया
लोग उस दिन सोना चांदी खरीदे, मैंने मां की अर्थी ढोया
क्या बताऊं अपनी व्यथा, उस दिन मैंने अपनी मां को खोया
लोगों ने दीवाली धूम धाम से मनाया, मैंने सिर पे पगड़ी रस्म की पगड़ी बंधाया
भाईदूज पर बहन के साथ बहुत रोया, चेहरा आसुओं में डुबोया
मां की कमी बहुत महसूस हुई, फिर मैं बहुत रोया
कैसे कटेगी जिंदगी, ये सोच दिल घबराया और रोया
क्या बताऊं अपनी व्यथा, उस दिन मैंने अपनी मां को खोया
क्या बताऊं अपनी व्यथा, उस दिन मैंने अपनी मां को खोया
क्या बताऊं अपनी व्यथा, उस दिन मैंने अपनी मां को खोया

**साहित्यकार, कर विशेषज्ञ, कानूनी लेखक, चिंतक, कवि,**
**एड किशन भावनानी गोंदिया महाराष्ट्र**

## जादू की कोई छड़ी नहीं वैक्सीन

उम्मीदें अभी से बांधी जाने लगी हैं, शेयर बाजार तो जैसे बल्लियों उछल रहे हैं, यह बात अलग है कि कोविड-19 के वैक्सीन को आने में अभी कम से कम दो महीने का समय लग सकता है। अभी बस इतना ही है कि इन्हें बनाने वाली कंपनियों ने अपने वैक्सीन के प्रभाव पर लंबे-चौड़े दावे करने शुरू कर दिए हैं। ज्यादा उम्मीद यही है कि नए साल का स्वागत करने के बाद ही वैक्सीन के स्वागत की घड़ी आएगी। विशेषज्ञ चेतावनी दे रहे हैं कि बहुत ज्यादा उम्मीदें मत बांधें। वैक्सीन कोई जादू की छड़ी नहीं है कि इधर वह आया और उधर कोरोना वायरस अपना बोरिया-बिस्तर समेटने लगा। ज्यादातर की राय यही है कि वैक्सीन कितना भी कारगर क्यों न हो, यह वायरस इतनी जल्दी जाने वाला नहीं है और इस दरम्यान हमें उसके साथ जीना सीखना होगा। वैसे कोई वैक्सीन कभी भी जादू की छड़ी नहीं रहा। अगर हम चेचक के टीके को ही लें, जो दुनिया का पहला वैक्सीन भी था, उसकी खोज एडवर्ड जेनर ने 1796 में ही कर ली थी, लेकिन दुनिया को चेचक से मुक्त होने में लगभग दो सदी का वक्त लग गया। और इस दौरान चेचक लगातार सबसे ज्यादा परेशान करने वाली महामारी बनी रही। 1967 तक न सिर्फ पूरी दुनिया में इस वैक्सीन को स्वीकार किया जाने लगा था, बल्कि इसका बड़े पैमाने पर इस्तेमाल भी होने लगा था।

## इन्द्र धनुष



अक्सर देखा है बारिशों के बाद,
धूप में चमकती बूंदों की रास।
बादलों के बीच से झांक कर,
रंगो के मोह पाश में बांध कर।
लल काला हरा, जामुनी, बैंगनी,
नीला, पीला और नारंगी।
सात दिनों के जैसे ये सात रंग,
अलग होकर भी रहें संग- संग।
आसमान में रंगों की लीला देखते,
टकटकी लगाकर अचरज में पड़ते।
कुछ पल के लिए बस रहते हैं,
फिर मिलकर एक में खो जाते हैं।
इंद्रधनुष के यह सातों रंग,
जीवन में सबके हैं यह ख़ास रंग।
रंग ये सात से सत्तर बनते,
बेरंगीन दुनिया में रंग भरते।

**डा. शीला चतुर्वेदी,%शील% प्रधानाध्यापक,**
**प्रा0वि0बैरौना,देवरिया सदर,देवरिया,उ0प्र0**

## ग़ज़ल



यूँ चेहरे से ना जानिये मेरा किरदार
मिजाज से बहुत सख्त लड़का हूँ
उम्र से बहुत कम ही सही मगर
मिशाल -ए - दरख़्त लड़का हूँ
उसकी मुस्कुराहट पर फिसल गया
वगरना यूँ तो करख्त लड़का हूँ
लौट आता हूँ रोज बिना चूमे उसे
दौर-ए-इश्क़ में कितना सख्त लड़का हूँ
यूँ तो तमाम कफ़स तोड़ आया हूँ
उसकी आँखों में क़ैदसख्त लड़का हूँ
मैं मुश्किल बना हुआ हूँ सबकी
कहने को तो यूँ लख्त लड़का हूँ
मुस्कुरा लेता हूँ बज्म-ए-जाना मैं
अहद-ए-जीस्त में दुख्त लड़का हूँ
उलफ़्तों से बनी है पेशानी मेरी
वक्त के हाथों दमपुख्त लड़का हूँ
जिसे जितनी जरूरत थी ले गया
बाजार-ए-बेबसी में फरोख्त लड़का हूँ
सबको जीतकर उसे हारा हूँ ÷बाज़÷
सोचो कितना बदबख्त लड़का हूँ

**कै. एस. राठौड़**
**लेखक परिचय**
**नाम– कैलाशसिंह राठौड़**

## अमीर और गरीब बच्चों के सपने



अमीर के बच्चे परिड्डश्रम करते हैं,
तो गरीब के बच्चे भी परिश्रम करते हैं
दोनों अहोरात्र विद्याम्यास करते हैं,
वे दोनों अपने स्वप्न को साकार करने,
मात-पिता के अरमानों को,
साकार करने अमीर के बच्चे बड़े-बड़े शहरों में,
बड़े-बड़े संस्थानों में पढ़ने जाते हैं,
किंतु निर्धन के बच्चे गांव में ही रहकर पढ़ते हैं,
अमीर के बच्चे आईआईटी की तैयारी करते हैं,
कोई सिविल सेवा की तैयारी करते हैं,
गरीब बच्चों की माली हालत अच्छी नहीं होती,
जिनको खाने को खुद लाले पड़े हो,
उनके सपने बहुत छोटे होते हैं,
एक निर्धन लोग कहां से लाकर,
इस तिलिस्मी संसार में,
अपने बच्चों को महंगे संस्थान में
पढ़ने के लिए कैसे भेजेंगे,
जिनकी मासिक सैलरी पंद्रह सौ हो,
ये दुनिया तो अमीरों के लिए है,
जहाँ देखो वहाँ मिलेंगे महंगे सामान,
यहाँ तक तो सब्जी की कीमत,
आसमान पर होती है,
तो संस्थान की कीमत सातवें,
आसमान पर होती होगी,
परंच जितने सपने अमीरों के होते हैं
उतने सपने गरीबों के भी होते हैं,
अगर अमीर बच्चों के सपने साकार नहीं हुए,
वे तो पैसे से सपने को खरीद लेते हैं,
निर्धन के बच्चे कहां से मोटी रकम लाएंगे,
अगर गरीब बच्चों के सपने साकार नहीं हुए,
तो फांसी के फंदे पर स्वयं लटक जाते हैं,
अंत्यस्वप्न एक यही होते फांसी के फंदे,
ये सपने तो गरीबों के साकार हो जाते हैं।।

**मो. जमील**
**अंधराठाढ़ी, मधुबनी (बिहार)**

## आज भी प्रेम तरंगित है



न जाने कैसा प्रेम था वह,
जिसका अनुवाद,
आज भी तरंगित हैं!
आज भी बेला का फूल ख्वाबों में,
खिल उठता है उसकी मुस्कान से।
न जाने कैसा स्पर्श था वो,
जो आज भी देह पर अंकित है।
उसका प्रीत का स्पर्श आज भी,
मुझे हरसिंगार सा महका जाता है।
न जाने कैसे थे वो मीठे बोल
जो आज भी कायनात में गूँज रहा।
जब कभी मन अकेला हो तो,
याद कर उसके गीत मैं
गुनगुना उठती हूँ।
न जाने कैसा था वो प्रेम।

**डिम्पल राकेश तिवारी,वरिष्ठ गीतकार कवयित्री**
**व स्वतन्त्र लेखिका,अवध यूनिवर्सिटी चौराहा,**

# अब कमजोर पड़ रहा निवार, कहां-कब टकराया तूफान, बारिश से जीवन अस्त-व्यस्त

**चेन्नई।** चक्रवाती तूफान निवार बुधवार की आधी रात बाद तमिलनाडु और पुदुचेरी में समुद्र तट से टकराया। अत्यंत भीषण चक्रवाती तूफान निवार की वजह से तमिलनाडु-पुदुचेरी में भीषण बारिश हुई और जिंदगी अस्त-व्यस्त हो चुकी है। निवार के लैंडफॉल के दौरान भी तेज हवाओं के साथ भीषण बारिश हुई और अभी भी चेन्नई, महाबलीपुरम समेत कई शहरों में भारी बारिश जारी है। हालांकि, चक्रवाती तूफान निवार की रफ्तार अब कमजोर पड़ गई है। मौसम विभाग ने बताया कि इस तूफान की कैटेगरी अब बहुत भीषण चक्रवाती तूफान से भीषण चक्रवाती तूफान हो गई है।

गुरुवार तड़के मौसम विभाग ने बताया कि चक्रवाती तूफान निवार कमजोर हो गया है और अब यह बहुत भीषण चक्रवाती तूफान से भीषण चक्रवाती तूफान में तब्दील हो गया है। निवार ने पुडुचेरी के नजदीक तट को पार कर लिया है। इससे पहले बुधवार को तमिलनाडु के महाबलिपुरम में चक्रवात निवार की लैंडफॉल प्रक्रिया के दौरान तेज हवाएं देखने को मिलीं। इसके अलावा,



पुडुचेरी में भी तेज़ हवाएं और भारी वर्षा हुई। मौसम विभाग ने ट्वीट कर बताया कि इसके साथ चक्रवात की गति भी कम हो गई है। बहुत गंभीर चक्रवाती तूफान निवार अब एक गंभीर चक्रवाती तूफान में कमजोर हो गया है। निवार तूफान का केंद्र भूमि पर स्थित है। तूफान 25 नवंबर की रात 11:30 बजे से 26 नवंबर की रात 2:30 बजे के बीच पुडुचेरी के पास तट को पार किया। रात 2.30 बजे तक इस चक्रवात निवार की रफ्तार 100 किलोमीटर प्रति घंटा से 110 किलोमीटर प्रति घंटा रही। मौसम विभाग के मुताबिक, अगले छह घंटे में ये चक्रवाती तूफान उत्तर और उत्तर पश्चिम दिशा की ओर बढ़ता रहेगा और आगे जाकर कमजोर पड़ जाएगा। लैंडफॉल के दौरान तमिलनाडु के महाबलीपुरम में तेज रफ्तार के साथ हवाएं चल रही थीं। पिछले 6 घंटे में निवार तूफान 16 किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से आगे बढ़ रहा था। अधिकारियों के अनुसार, पूरे तमिलनाडु में एक लाख से अधिक लोगों को निकाला गया है और 1,000 से अधिक लोगों को पुडुचेरी में सुरक्षित स्थानों पर स्थानांतरित किया गया है। भारतीय नौसेना ने बुधवार को जहाज, विमान, हेलीकॉप्टर, डाइविंग और आपदा राहत टीमों को स्टैंडबाय पर रखा था। आपदा राहत वस्तुओं के साथ एक भारतीय तटरक्षक पोत को चेन्नई तट पर भी तैनात किया गया है।

### सोते हुए भाई-भाभी और भतीजे पर

# पेट्रोल डालकर जिंदा जलाया और फिर खुद फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली

**भोपाल।** मध्य प्रदेश के अनूपपुर में बड़ी घटना सामने आई है, जहां दीपक नामक युवक ने पारिवारिक विवाद के कारण बीती रात करीब 1:30 से 2:00 के बीच अपने ही सगे भाई-भाभी और दो बच्चों को पेट्रोल डालकर जिंदा जला दिया है और उसके बाद वह खुद भी फांसी के फंदे पर झूल कर खुदकुशी कर ली है।

बताया जा रहा है कि दीपक का अपने भाई के साथ विवाद था जिसके चलते वो हमेशा परेशान रहता था। मामला अनूपपुर जिले के जैतहरी थानांतर्गत ग्रामपंचायत धनगवां के पिपरहा टोला का है जहां में एक ही परिवार के तीन लोग जल कर खाक हो गए। तो वहीं दूसरे कमरे में मृतक ओमकार के भाई दीपक विश्वकर्मा उम्र लगभग 31 वर्ष ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। एक बालक जिसकी उम्र लगभग 18 वर्ष है जिसे उसके चाचा चेतराम विश्वकर्मा बगल में



सो रहे थे शोर शराबा सुन कर दरवाजा तोड़ कर बाहर निकाला जिसको शहडोल के लिए रिफर कर दिया जो बुरी तरह जल चुका है। जलकर मरने वालों में पिता ओमकार उम्र 46 वर्ष, पत्नी कस्तूरिया बाई 40 वर्ष, बेटी निधी विश्वकर्मा उम्र 16 वर्ष शामिल हैं, जिनको पहचानना बहुत मुश्किल हो रहा है। अगर पूरे मामले को समझे तो गांव वालों का कहना है कि दीपक विश्वकर्मा ने ही बाहर से दरवाजा बंद करके अपने सो रहे भाई के परिवार के दरवाजे में केरोसिन डाल कर आग लगा दिया और खुद दूसरे कमरे में फांसी लगा आत्महत्या कर ली है। वहीं अब पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।

### राहुल गांधी ने वायनाड में बाढ़ पीड़ितों के लिए भेजी थी राहत सामग्री

# खाली दुकान में बंद मिले पैकेट्स

**तिरुवनंतपुरम।** वायनाड से सांसद और पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी की ओर उपलब्ध कराए गए बाढ़ राहत सामग्री के हजारों पैकेट्स फेंके मिले हैं। ये पैकेट्स मल्लापुरम जिले के निलांबुर स्थित एक खाली दुकान में पड़े मिले हैं। आपराधिक अपशिष्ट ने स्थानीय निवासियों और वाम नेताओं ने इसकी आलोचना की है। फजीहत होने के बाद जिला कांग्रेस अध्यक्ष वीवी प्रकाश ने जांच के आदेश दिए हैं। राहुल गांधी की तस्वीर और बोल्ड लेटर्स में एमपी लिखे हुए सड़े गले फूड पैकेट्स एक खाली दुकान में पड़े मिले, जिसे कई महीनों बाद खोला गया था। डीडीसी प्रेजिडेंट ने कहा, हमें आइडिया नहीं कि क्या



हुआ। यह बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है। लेकिन जो जिम्मेदार हैं उन्हें नहीं छोड़ा जाएगा। डीडीसी प्रेजिडेंट ने कहा कि उन्होंने इसको लेकर प्रदेश नेतृत्व को भी जानकारी दी है। पिछले मॉनसून में भारी बारिश के बाद वायनाड में कई भूस्खलन हुए थे। 2019 लोकसभा चुनाव में इस सीट से जीते कांग्रेस नेता ने बाढ़ और भूस्खलन से प्रभावित लोगों की मदद के लिए काफी सक्रियता दिखाई और फूड किट्स के साथ संसदीय क्षेत्र में पहुंचे थे। बुधवार को करीब एक ट्रक फूड किट्स फेंके हुए पाए गए। बाद में सीपीआई (एम) कार्यकर्ताओं ने एक विरोध रैली निकाली और कहा कि कांग्रेस नेताओं ने जानबूझकर यह किया। नीलांबुर विधायक पीवी अनवर ने कहा, कई ऐसे सामान कई जगहों पर पड़े हुए थे। यह आपराधिक लापरवाही है। ये किट्स बाढ़ प्रभावित लोगों के लिए थे। इसने कांग्रेस नेताओं को एक्सपोज कर दिया है।

### एलएसी पर तनाव के बीच चीन का युद्ध राग, जिनपिंग का सेना को आदेश- जंग जीतने की अपनी क्षमता बढ़ाओ

बीजिंग। पूर्वी लद्दाख में सीमा को लेकर भारत और चीन के बीच तनाव जारी है। दोनों देशों में जारी तनातनी के बीच चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने सशस्त्र बलों को वास्तविक युद्ध की परिस्थितियों में प्रशिक्षण को मजबूत करने और युद्ध जीतने की अपनी क्षमता बढ़ाने का आदेश दिया। सत्तारूढ़ कम्युनिस्ट पार्टी ने पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (पीएलए) को 2027 तक अमेरिकी सेना के बराबर क्षमता की बनाने की योजना बनाई है।शी जिनपिंग ने कहा कि सेना को युद्ध जीतने के स्तर वाले प्रशिक्षण पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। हाल ही में उन्होंने इस बात पर जोर दिया था कि अगर पीएलए खुद को अन्य अग्रणी शक्तियों की बराबरी में पहुंचने के लिए एक आधुनिक युद्धक शक्ति में बदलना चाहती है तो उसे कृत्रिम बुद्धिमत्ता जैसी अत्याधुनिक तकनीकों को अपनाना चाहिए। सत्तारूढ़ कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ चाइना (सीपीसी) का नेतृत्व करने और लंबे समय से राष्ट्रपति के पद पर विराजमान 67 वर्षीय शी, सेंट्रल मिलिट्री कमीशन (सीएमसी) के अध्यक्ष भी हैं, जो देश के 20 लाख सैनिकों की क्षमता वाली सेना का सर्वोच्च कमान है।

# नौकरी के पहले दिन से कोरोना मरीजों की जान बचाते बचाते खुद जिंदगी की जंग हार गए डॉक्टर शुभम

**भोपाल।** कोरोना महामारी का प्रकोप एक बार फिर से देश में फैल रहा है। कोविड वॉरियर लगातार लोगों की जान बचाने के लिए अपनी जान को दाव पर लगा रहे हैं। हाल ही में एमपी के सागर स्थित सरकारी बुंदेलखंड मेडिकल कॉलेज के 26 वर्षीय चिकित्सक शुभम उपाध्याय खुद इस खतरनाक महामारी की चपेट में आ गए, हालांकि लोगों को जान बचाते-बचाते वह खुद इस खतरनाक वायरस से अपनी जंग हार गए। बुधवार को उनकी भोपाल के एक निजी अस्पताल में मौत हो गई। बता दें, डॉ शुभम की यह पहली नौकरी थी। पहले ही दिन से वह कोविड मरीजों को बचाने में लगे थे। इस दौरान खुद भी वह संक्रमण की चपेट में आ गए। स्थिति खराब होने के बाद 10 नवंबर को भोपाल के चिरायु अस्पताल में उन्हें भर्ती कराया गया था। 25 नवंबर को उनका निधन हो गया है। डॉ शुभम के निधन पर प्रदेश के सीएम शिवराज सिंह चौहान ने गहरा शोक व्यक्त किया है। चिरायु मेडिकल कॉलेज के निदेशक डॉ. अजय गोयनका ने बताया कि 26 साल के डॉक्टर शुभम उपाध्याय की बुधवार को हमारे अस्पताल में मौत हो गई। वह कोरोना वायरस से संक्रमित थे और 10 नवंबर से हमारे अस्पताल में भर्ती थे। उन्होंने कहा कि उनके फेफड़े पूरी तरह खराब हो गये थे। हमलोगों ने काफी कोशिश की लेकिन सेहत में कोई सुधार नहीं हुआ। वहीं, डॉ शुभम के साथी डॉक्टर उमेश पटेल ने बताया कि उपाध्याय ने इसी साल आठ अप्रैल को सागर के बुंदेलखंड मेडिकल कॉलेज में संविदा चिकित्सक के रूप में ड्यूटी ज्वाइन की थी। वह वहां पर कोविड-19 मेडिकल अधिकारी थे। उन्होंने कहा कि वह 28 अक्टूबर को कोरोना वायरस से संक्रमित पाए गए थे और तब से लेकर 10 नवंबर तक उनका इलाज सागर के बुंदेलखंड मेडिकल कॉलेज में चल रहा था।




# न्यूजीलैंड में भारतीय मूल के सांसद ने संस्कृत में ली शपथ, रचा इतिहास

**वेलिंगटन।** न्यूजीलैंड के सांसद डॉ. गौरव शर्मा ने बुधवार को इतिहास रच दिया। वह विदेशी धरती पर संस्कृत में शपथ लेने वाले भारतीय मूल के पहले सांसद बन गए हैं। हिमाचल प्रदेश के मूल निवासी डॉ. शर्मा को हाल ही में न्यूजीलैंड में हुए चुनाव में लेबर पार्टी से सांसद चुना गया है। न्यूजीलैंड की संसद में शपथ ग्रहण के दौरान गौरव शर्मा ने कहा, मैं गौरव शर्मा शपथ लेता हूं कि मैं विश्वासयोग्य रहूंगा और महामहिम महारानी एलिजाबेथ द्वीतीय और उनके उत्तराधिकारियों के प्रति सच्ची निष्ठा रखूंगा। इसलिए ईश्वर मेरी मदद करें। न्यूजीलैंड और सामोआ स्थित हाई कमिश्नर मुक्तेश परदेशी ने कहा, सबसे युवा सांसदों में से एक और हाल ही में चुने गए गौरव शर्मा ने आज शपथ ली। पहले न्यूजीलैंड की देसी माओरी भाषा में शपथ ली तो इसके बाद संस्कृत में भी शपथ ली। उन्होंने दोनों देशों की संस्कृति और परंपरा को सम्मान दी है। हिंदी में शपथ नहीं लेने को लेकर पूछे गए एक सवाल के जवाब में डॉ. शर्मा ने कहा, ईमानदारी से कहूं तो मैंने इसके बारे में सोचा था। लेकिन तब इसे पहाड़ी और पंजाबी में करने का प्रश्न था। सबको खुश रखना मुश्किल है। संस्कृत इसलिए अहम है क्योंकि यह सभी भारतीय भाषाओं का सम्मान है। प्रोफेशन से डॉक्टर शर्मा हमिल्टन वेस्ट में टिम के माकीनडोब को 4,386 वोट से हराया। इससे पहले वह 2017 में भी चुनाव लड़े थे लेकिन सफलता नहीं मिली। वह भारतीय मूल के दूसरे नता हैं जिन्होंने संस्कृत में शपथ ली है। इस साल जुलाई 2016 में पदभार संभालने वाले चंद्रीकाप्रसाद संतोखी ने भी संस्कृत में शपथ ली थी।

# शी जिनपिंग ने आखिर बाइडन को दी बधाई, चीन-अमेरिका के न टकराने की जताई उम्मीद

**बीजिंग।** चीनी राष्ट्रपति शी चिनफिंग ने अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति जो बाइडन को राष्ट्रपति चुनाव जीतने पर बुधवार को बधाई दी और उम्मीद जताई कि दोनों देश टकराव की राह पर नहीं बढ़ने की भावना को बरकरार रखेंगे और द्विपक्षीय रिश्तों को स्वस्थ और स्थिर विकास की दिशा में लेकर जाएंगे। आधिकारिक मीडिया ने यह जानकारी दी। राष्ट्रपति शी ने बाइडन को अमेरिकी राष्ट्रपति के तौर पर उनके निर्वाचन के लिए बधाई देते हुए एक संदेश भेजा। शी दुनिया के उन कुछ चुनिंदा प्रमुख नेताओं में से हैं जिन्होंने नवनिर्वाचित राष्ट्रपति को सबसे आखिर में बधाई दी है। सरकारी शिन्हुआ समाचार एजेंसी के मुताबिक, शी ने अपने संदेश में कहा कि चीन-अमेरिका रिश्तों के स्वस्थ और स्थिर विकास को बढ़ावा देना न सिर्फ दोनों देशों के लोगों के मौलिक हित में है बल्कि अंतरराष्ट्रीय समुदाय की साझा उम्मीदों को भी पूरा करता है। शी ने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि दोनों पक्ष गैर-संघर्ष, परस्पर सम्मान, दोनों के लिए जीत की स्थिति वाले सहयोग की भावना बनाए रखेंगे, सहयोग पर ध्यान केंद्रित करेंगे, मतभेदों को सुलझाकर स्वस्थ और स्थिर चीन-अमेरिका रिश्तों की दिशा में बढ़ेंगे। उन्होंने यह उम्मीद भी जताई कि विश्व शांति और विकास के काम को बढ़ावा देने के लिए वे अन्य देशों और अंतरराष्ट्रीय बिरादरी के साथ भी मिलकर काम करेंगे। वहीं, चीन के उपराष्ट्रपति वांग किशान ने कमला हैरिस को एक संदेश भेजकर अमेरिका की उपराष्ट्रपति निर्वाचित होने पर उन्हें बधाई दी।

### 31 दिसंबर तक जारी रहेगा अंतरराष्ट्रीय उड़ानों पर बैन

# कोरोना के बढ़ते मामलों के बीच डीजीसीए का निर्देश

**नई दिल्ली।** भारत में बढ़ते कोरोना वायरस के मामलों के मद्देनजर भारत सरकार ने अंतर्राष्ट्रीय उड़ानों पर प्रतिबंध की सीमा और बढ़ा दी है। भारत से जाने और आने वाली इंटरनेशनल फ्लाइट्स पर 31 दिसंबर तक रोक जारी रहेगी। यहां ध्यान देने वाली बात है कि वंदे भारत मिशन के तहत उड़ान भरने वाले विमानों पर कोई पाबंदी नहीं है। इससे पहले सरकार ने 30 नवंबर तक इंटरनेशल फ्लाइट्स पर बैन लगाया था। नागर विमानन महानिदेशालय ने गुरुवार को एक सर्कुलर जारी किया, जिसके मुताबिक, महामारी के मद्देनजर 31 दिसंबर तक अंतरराष्ट्रीय उड़ानों को निलंबित कर दिया गया है और विमान केवल चुनिंदा मार्गों पर ही केस-टू-केस आधार पर उड़ान भरेंगे। इससे पहले डीजीसीए ने इंटरनेशनल फ्लाइट पर बैन 30 नवंबर तक बढ़ाने का आदेश दिया था। यहां ध्यान देने वाली बात है कि कोरोना वायरस और लॉकडाउ की वजह से इस



साल 23 मार्च से ही इंटरनेशनल उड़ानों पर रोक जारी है। हालांकि, उस वक्त घरेलू विमान सेवा को भी बैन किया गया था, मगर कोरोना के मामलों में कमी के बाद घरेलू सेवा को मई के आखिर में फिर से बहाल कर दिया गया।

**वंदे भारत मिशन के तहत कितने आए**-कोरोना वायरस महामारी के मद्देनजर सरकार द्वारा सात मई से वंदे भारत मिशन की शुरुआत किए जाने के बाद से 20 लाख से ज्यादा भारतीय दूसरे देशों से वापस आए हैं। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अनुराग श्रीवास्तव ने कहा कि एक अक्टूबर से शुरू मिशन के सातवें चरण के तहत इस महीने के अंत तक 24 देशों से 1057 अंतरराष्ट्रीय उड़ानों का संचालन किया जाएगा। इसके तहत 195000 लोगों के आने का अनुमान है। उन्होंने ऑनलाइन संवाददाता सम्मेलन में कहा, हमने अगले चरण के लिए तैयारियां शुरू कर दी है। उन्होंने कहा कि गुरुवार तक वंदे भारत मिशन के तहत एअर इंडिया, निजी और विदेशी विमान कंपनियों, चार्टर्ड विमानों, नौसेना के पोतों आदि के जरिए 20.55 लाख भारतीय वापस आए। बांग्लादेश के साथ एयर बबल समझौता के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि दोनों देशों के विदेश मंत्रियों के बीच 29 सितंबर को वार्ता के दौरान सहमति बनी थी कि दोनों तरफ के यात्रियों की जरूरतों को पूरा करने के लिए एयर बबल के तहत विमानों का संचालन किया जाएगा। द्विपक्षीय एयर बबल बुधवार से शुरू हुआ है।

# 26/11 मुंबई आतंकी हमले की बरसी आज

### भारतीय-अमेरिकियों ने कहा- हमें न्याय चाहिए

वॉशिंगटन। अमरीका में भारतीय-अमीरिकी मूल के लोग आज कैपिटोल हिल के बाहर एकत्रित हुए और 26/11 मुंबई आतंकी हमले में मारे गए लोगों को श्रृद्धांजलि दी। पाकिस्तान विरोधी बैनर हाथ में लिए हुए लोगों ने हमें न्याय चाहिए नारे को बुलंद किया। श्रृद्धांजलि देने के लिए इकट्ठे हुए लोगों ने कहा के 12 साल बीत जाने के बाद भी पाकिस्तान ने आज भी दोषियों के विरुद्ध कोई कार्रवाई नहीं की है। बजाय इसके कि दोषी आज भी पाकिस्तान में मुक्त घूम रहे हैं। कम्यूनिटी एक्टिविस्ट कृष्णा रेड्डी ने कहा, हम 2611 की बरसी पर यहां आए हैं, जब पाकिस्तान से आए आतंकवादियों ने मुंबई में घुसकर निर्दोष लोगों की हत्या कर दी, जिसमें 6 अमरीकी भी थे। आतंकियों ने अमरीकियों के पासपोर्ट देखे और उन्हें मार दिया। यूएस इंटेलीजेंस को पता है कि ऐसा हुआ था और यह पाकिस्तान के इंटेलीजेंस से सीधे नियंत्रित किया जा रहा था। एक अन्य एक्टिविस्ट महिंद्रा सापा ने कहा, हम अमरीकी सरकार को यह याद दिलाने के लिए एकत्रित हुए हैं कि इस



नृशंस आतंकी घटना को 12 साल पूरे हो चुके हैं, हम इस उम्मीद में इकट्ठे हुए हैं कि नया प्रशासन हमें न्याय दिलाने के लिए हर संभव कदम उठाएगा। कृष्णा ने कहा, मैं प्रशासन से अपील करना चाहुंगी कि पाकिस्तान और अफगानिस्तान को किसी भी प्रकार की आर्थिक मदद न दी जाए, जब तक पाकिस्तान इन दोषियों पर कड़ी कार्रवाई न करे और पीड़ितों को न्याय न मिल जाए। इसके पहले भारतीय अमरीकियों के इस समूह ने एक डिजिटल मोबाइल बिलबोर्ड ट्रक स्पॉन्सर किया जिस पर लिखा था हम न्याय की मांग करते हैं। इसे पाकिस्तानी और तुर्की एंबेसी के बाहर देखा गया था। भारतीय सरकार के साथ ही अमरीकी डिपार्टमेंट ऑफ जस्टिस ने भी अपराधियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। हालांकि पाकिस्तान दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करने में सबूतों की कमी का हवाला देकर टाल मटोल करता रहता है। अमरीकी भारतीय समुदाय ने मंबई हमले में मारे गए 166 लोगों को श्रृद्धांजलि दी, जिसमें 6 अमरीकी भी शामिल हैं। शांतिपूर्ण तरीके से चली इस सबा में मैरीलैंड, वर्जीनिया और वॉशिंगटन डीसी के लोग शामिल थे।

# कोविड-19 टीके को लेकर अब किन-किन तैयारियों में जुटा है भारत, स्वास्थ्य मंत्री हर्षवर्धन ने दी पूरी जानकारी

**नई दिल्ली।** भारत में कोरोना वायरस की वैक्सीन को लेकर अभी से ही तैयारियां तेज हैं। स्वास्थ्य मंत्री हर्षवर्धन ने बुधवार को कहा कि सरकार कोविड-19 टीके के उत्पादन और वितरण के लिए मजबूत पारिस्थितिकी तंत्र स्थापित कर रही है, ताकि मांग को पूरा किया जा सके। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री हर्षवर्धन ने यह भी कहा कि जब दुनिया कोविड-19 का टीका विकसित करने के प्रयासों में लगी है, तब भारत टीका विकसित करने और बड़े स्तर पर इसके निर्माण में आत्मनिर्भर बनने की कोशिश कर रहा है। हर्षवर्धन ने विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के सहयोग से फिक्की द्वारा आयोजित डिजिटल वैश्विक आरएंडडी सम्मेलन 2020 को संबोधित करते हुए कहा, दुनिया का औषधालय कहे जाने वाले भारत में कोविड-19 टीके बनाने की सर्वाधिक क्षमता है। उन्होंने कहा, हमने अब टीका उत्पादन एवं वितरण पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत करने की दिशा



में कदम उठाने शुरू कर दिए हैं, ताकि आगामी दिनों में हमारी मांग को पूरा किया जा सके। इससे पहले कोरोना वायरस का विकराल रुप धारण कर चुकी दिल्ली पर केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री डॉक्टर हर्षवर्धन ने कहा था कि राज्य सरकार के साथ लोगों की भी जिम्मेदारी है कि वह कोरोना को नियंत्रित करने में सहयोग करे और कुछ पढ़े-लिखे लोगों की लापरवाही के कारण पूरे दिल्लीवासियों को इसका खामियाजा भुगतना पड़ रहा है। दिल्ली में कोरोना वायरस का प्रकोप इतना भयावह है कि पिछले छह दिनों में यह 678 मरीजों की जान ले चुका है।

**देश में कोरोना की स्थिति**-भारत में एक दिन में कोरोना वायरस संक्रमण के 44,376 नए मामले सामने आए जिसके बाद कुल मामले बढ़कर 92 लाख के पार पहुंच गए। इसके साथ ही ठीक होने वाले मरीजों की संख्या बढ़कर 86.42 हो गई। स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से सुबह आठ बजे उपलब्ध कराए गए आंकड़ों के अनुसार देश में संक्रमण के कुल मामले बढ़कर 92,22,216 हो गए। आंकड़ों के अनुसार कोविड-19 से 481 और मरीजों की मौत हो गई जिसके बाद मृतकों की संख्या 1,34,699 पर पहुंच गई। वर्तमान में देश में कोविड-19 के 4,44,746 मरीज उपचाराधीन हैं। ठीक होने वाले लोगों की संख्या बढ़कर 86,42,771 हो गई जिससे राष्ट्रीय स्तर पर ठीक होने की दर 93.72 प्रतिशत हो गई। कोविड-19 से मरने वालों की दर 1.46 प्रतिशत है। भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद के अनुसार 24 नवंबर तक 13.48 करोड़ से अधिक नमूनों की कोविड-19 की जांच की गई।

